Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 175 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, मंगलवार 02 जनवरी 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



धर्म प्राप्ति के लिए हमें धर्म के पास आना होगा, तब ही हम धर्म को समझ सकते हैं।

To attain religion we will have to be in close proximity of religion then alone we can understand what religion is.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## नव वर्ष के पहले दिन पीएसएलवी रॉकेट ने एक्सपीओसैट के साथ भरी उड़ान



**श्रीहरिकोटा/आंध्र प्रदेश (आरएनएस)।** वर्ष 2024 के पहले दिन, भारत के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान-सी58 (पीएसएलवी-सी58) ने सोमवार सुबह देश के एक्स-रे पोलारिमीटर उपग्रह (एक्सपीओसैट) व 10 अन्य पेलोड के साथ उड़ान भरी। 44.4 मीटर लंबा पीएसएलवी-सी58 रॉकेट 260 टन वजन के साथ अपने चौथे चरण में एक्सपीओसैट और 10 अन्य प्रायोगिक पेलोड ले गया। यह प्रक्षेपण सोमवार सुबह 9.10 बजे यहां सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) के पहले लॉन्च से हुआ।

अपने पीछे एक मोटी नारंगी लौ छोड़ते धीरे-धीरे आसमान की ओर बढ़ते हुए रॉकेट ने गड़गड़ाहट के साथ गति प्राप्त की और एक मोटी गुबार छोड़ते हुए ऊपर और ऊपर चला गया। दिलचस्प बात यह है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के लिए 1 जनवरी को यह पहला अंतरिक्ष मिशन है। अपनी उड़ान के लगभग 21 मिनट बाद, रॉकेट लगभग 650 किमी की ऊंचाई पर एक्सपीओसैट की परिक्रमा करेगा। इसके बाद, ऑर्बिटल प्लेटफ़ॉर्म (ओपी) प्रयोगों के लिए 3-अक्ष स्थिर मोड में बनाए रखने के लिए कक्षा को 350 किमी गोलाकार कक्षा में कम करने के लिए रॉकेट के चौथे चरण को दो बार फिर से शुरू किया जाएगा।

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल -3 (पीओईएम-3) प्रयोग को इसरो और भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (आईएन-स्पेश) द्वारा आपूर्ति किए गए 10 पहचाने गए पेलोड के उद्देश्य को पूरा करते हुए निष्पादित किया जाएगा।

पीएसएलवी एक चार-चरण/इंजन का रॉकेट है, जो ठोस और तरल ईंधन द्वारा संचालित होता है, वैकल्पिक रूप से, प्रारंभिक उड़ान क्षणों के दौरान उच्च जोर देने के लिए पहले चरण पर छह बूस्टर मोटर्स लगे होते हैं। इसरो के पास पांच प्रकार के पीएसएलवी रॉकेट हैं- स्टैंडर्ड, कोर अलोन, एक्सएल, डीएल और क्यूएल। उनके बीच मुख्य अंतर स्ट्रैप-ऑन बूस्टर का उपयोग है, जो बदले में, काफी हद तक परिक्रमा करने वाले उपग्रहों के वजन पर निर्भर करता है।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक्सपोसैट के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को दी बधाई

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा एक्सपोसैट के सफल प्रक्षेपण पर देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इसकी सफलता का श्रेय इसरो के वैज्ञानिकों की मेधा एवं कड़े परिश्रम को जाता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जिस तरह से देश को वैज्ञानिक क्षमता एवं तकनीकी दक्षता से आगे बढ़ा रहे हैं, उससे निश्चित रूप से देश को निकट भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसरो के वैज्ञानिकों ने देशवासियों को नववर्ष के अवसर पर अमूल्य तोहफा दिया है।

## प्रदेश के मंत्रियों ने पदभार संभाला

### कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने मंत्रालय में पूजा-अर्चना कर किया पदभार ग्रहण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आदिम जाति कल्याण, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम ने सोमवार को मंत्रालय में विधिवत पूजा अर्चना कर पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उनके परिवारजन के साथ ही कृषि मंत्रालय के सचिव श्री कमलप्रीत सिंह समेत आदिम जाति कल्याण विभाग और कृषि विभाग के आला अधिकारी मौजूद थे। मंत्री नेताम ने इस अवसर पर कहा कि माँ महामाया के आशीर्वाद से आज मैने पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में हमारा छत्तीसगढ़ भी बढ़ चढ़कर अपना योगदान देगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारा मंत्रालय छत्तीसगढ़ के किसानों एवं जनजातीय वर्ग, अनुसूचित जाति वर्ग, पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक वर्ग के विकास में एक महत्वपूर्ण कड़ी बनकर कार्य करेगा। प्रदेश के हमारे अन्नदाता किसान भाईयों समेत सभी नागरिकों की खुशहाली और छत्तीसगढ़ को समृद्ध बनाने की दिशा में भी अपना शत-प्रतिशत योगदान देंगे। हम जनता की अपेक्षाओं में खरे उतरेंगे इसके लिए हम संकल्पित होकर काम करेंगे। गौरतलब हैं वर्ष 2003 से 2013 तक श्री नेताम आदिम जाति विकास, राजस्व, गृह जेल, उच्च शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन जैसे विभागों का दायित्व संभाल चुके हैं।

### स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण किया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में पूजा-अर्चना कर कार्य भार ग्रहण किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी पिल्ले, सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त डॉ.सी.आर. प्रसन्ना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक श्री भोसकर विलास संदिपान, संचालक स्वास्थ्य सेवायें श्री जे.पी.मौर्य, आयुष विभाग की संचालक सुश्री नम्रता गांधी सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### नववर्ष के पहले दिन वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने किया कार्यभार ग्रहण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नववर्ष के पहले दिन वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने आज यहां महानदी भवन स्थित मंत्रालय में पूजा-अर्चना के पश्चात् कार्य भार ग्रहण किया। मंत्री श्री चौधरी ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। इस अवसर पर उपस्थित विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों ने मंत्री श्री चौधरी का स्वागत किया।

### महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने मंत्रालय में संभाला पदभार



**रायपुर (विश्व परिवार)।** महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में पूजा-अर्चना कर कामकाज संभाल लिया है। इस मौके पर विभागीय सचिव श्री भुवनेश यादव, संचालक श्रीमती दिव्या मिश्रा सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि मौजूद थे। श्रीमती राजवाड़े ने अधिकारियों से विभागीय गतिविधियों के संबंध में चर्चा की तथा इस संबंध में जरूरी निर्देश दिए।

## छत्तीसगढ़ की बेहतरी के लिए संवेदनशीलता के साथ काम करें अधिकारी : विष्णुदेव साय

- नई ऊर्जा के साथ छत्तीसगढ़ को संवारने का काम करेगी मंत्रालय में सचिवों की टीम
- मुख्यमंत्री श्री साय ने सचिवों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए साल भर की प्लानिंग कर कार्य करने को कहा
- मोदी की गारंटी पूरा करना सबसे अहम, न्यूनतम समय में पूरी गुणवत्ता के साथ क्रियान्वयन के लिए करें काम



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज नये साल के दिन जब मंत्रालय महानदी भवन में विभागीय काम-काज निपटाने पहुंचे, तो इस मौके पर विभिन्न विभागों के सचिवों ने मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें नव-वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। साथ ही यह भी कहा कि आज साल का पहला दिन है। आज हम समीक्षा करें कि किस तरह अगले एक साल में अपने विभागीय लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में बेहतर रणनीति और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर सकते हैं। नई सरकार से लोगों में बहुत सी उम्मीदें हैं। इन सबको पूरा करने के लिए हम सबको कड़ी मेहनत करनी है। मंत्रालय में सचिव स्तर के अधिकारी लोक कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं पर जितनी बेहतरी से कार्य करेंगे, जमीनी स्तर पर इनके क्रियान्वयन में स्थानीय अधिकारियों को उतनी ही मदद मिलेगी। सचिवों से भेंट के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता को दी गई गारंटी के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी की सभी गारंटी को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। पिछले पांच वर्षों में केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में जो प्रगति अपेक्षित रही है, उसका लाभ लोगों तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर लोगों के लिए शुद्ध पेयजल तक मोदी जी की गारंटी आम जनता की दैनिक जरूरतों से जुड़ी हैं। इन्हें पूरा करने के लिए मिशन मोड में काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने चर्चा में कहा कि मंत्रियों को विभाग आवंटित कर दिये गये हैं। शासन की मंशा के मुताबिक लोक कल्याणकारी योजनाओं में तेजी से प्रगति लानी है। हमने सुशासन दिवस पर अटल मानिटरिंग ऐप भी लांच किया है। इसके माध्यम से हमें योजनाओं की प्रगति की अद्यतन जानकारी मिलती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की स्थिति पर नजर रखें। जहां किसी तरह की दिक्कत आ रही हैं, उन्हें समय-समय पर अवगत कराते रहें ताकि तत्काल ही सुधारात्मक उपाय किये जा सकें।

### मंत्रिमंडल की बैठक आज

नए साल के साथ ही राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन को गति देने जा रही है। इसी क्रम में कल मंगलार 2 अक्टूबर को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में महतारी वंदन योजना, धान खरीदी की तारीख आगे बढ़ाने, पीएम मोदी की गारंटियों को पूरा करने जैसी कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हो सकती है।

## पीएम मोदी ने देशवासियों को दीं नए साल की शुभकामनाएं, दिया ये खास संदेश



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नए साल का आगाज हो चुका है. पूरी दुनिया में नए साल 2024 की खुशियां मनाई जा रही हैं. लोग एक दूसरे को नए साल की शुभकामनाएं दे रहे हैं. जैसे ही रात के 12 बजे लोगों ने आतिशबाजी कर नए साल का जश्न मनाना शुरू कर दिया. न्यूजीलैंड में सबसे पहले नया साल मनाना शुरु हुआ. वहां सबसे बाद में उत्तर अमेरिकी देशों और अमेरिका में नए साल का आगाज होगा और लोग जश्न मनाना शुरू करेंगे.

नए साल के इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं दी. पीएम मोदी ने नए साल की सुबह यानी 1 जनवरी 2024 को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर देशवादियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी. पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, सभी को 2024 की शुभकामनाएं. यह वर्ष सभी के लिए समृद्धि, शांति और अद्भुत स्वास्थ्य लेकर आए. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी नए साल पर देश को शुभकामनाएं दीं. राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल से लिखा, नया साल आप सभी के जीवन में खुशियां और समृद्धि की सौगात और भारत में न्याय और मोहब्बत का पैगाम ले कर आए.

## राज्य में कोरोना के अब तक मिले 71 एक्टिव मरीज



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण तेजी से बढने लगा है। राज्य में अब तक 71 मरीजों की पहचान हो चुकी है। 31 दिसंबर को 1160 सैंपलों की जांच की गई थी। इनमें से 8 मरीजों का रिपोर्ट पॉजीटिव मिला है। ये आठ मरीज रायगढ़ जिले के हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने आंकड़े जारी करते हुए बतताया कि छत्तीसगढ़ में 1160 सैंपलों की जांच हुई है। प्रदेश की औसत पॉजीटिव दर 0.69 प्रतिशत है। प्रदेश के 1 जिले में कोरोना संक्रमित पाए गए हैं तथा शेष जिलों में आज कोरोना का कोई नया प्रकरण सामने नहीं आया है। लेकिन जिस हिसाब से प्रदेश में पिछले 10 दिनों के दौरान धड़ाधड़ कोरोना के मरीज सामने आ रहे हैं, यह चिंताजनक है।

ज्ञात हो कि कोरोना का नया वेरिएंट जेएन-1 का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। यह चिंताजनक विषय है कि नया वैरिएंट का प्रवेश छत्तीसगढ़ में हो चुका है। अब तक प्रदेश में नया वैरिएंट को लेकर आमजनमानस में कोई विशेष जागरूकता नहीं है। यही चिंता की बात है, स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेशवासियों को कोरोना को लेकर जारी पूर्व की गाइड लाइनों का सख्ती से पालन करने की अपील कर रहा है। अब जाकर लोगों में थोड़ी जागरूकता आई है।

## महापौर एजाज ढेबर की हटाई गई सुरक्षा

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर के महापौर एजाज ढेबर की सुरक्षा हटा ली गई। कांग्रेस सरकार के वक्त महापौर ढेबर की सुरक्षा में तीन पुलिसकर्मी बतौर पर्सनल सिक्योरिटी आफिसर (पीएसओ) ड्यूटी पर लगाए गए थे। ये सार्वजनिक कार्यक्रमों में महापौर के साथ ही हुआ करते थे। अब इन्हें हटा लिया गया है। आमतौर पर रायपुर के महापौर को पुलिस सुरक्षाकर्मी दिए जाते रहे हैं, मगर इस बार सरकार बदलते ही अचानक ढेबर की सिक्योरिटी को हटा लिया गया है। जानकारी के मुताबिक सिर्फएक पुलिसकर्मी को महापौर के साथ रखा गया है। जानकारी के अनुसार कांग्रेस नेताओं को दी गई तमाम सुरक्षा का नए सिरे से रिव्यू पुलिस विभाग कर रहा है।

## तीसरी तिमाही में अबतक के सर्वोत्तम प्रदर्शन के साथ एनएमडीसी ने नववर्ष 2024 की शुरुआत की



**हैदराबाद (विश्व परिवार)।** खनन क्षेत्र की दिग्गज नवरत्न कंपनी एनएमडीसीने दिसम्बर, 2023 के दौरान लौह अयस्क का 4.48 मिलियन टन उत्पादन और 4.19 मिलियन टन की बिक्री की है। दिसम्बर, 2022 की तुलना में उत्पादन में 24 प्रतिशत की वृद्धि और बिक्री में 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए कंपनी ने स्थापना के बाद दिसम्बर माह का अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

साथ ही, वित्तवर्ष 24 की तीसरी तिमाही में अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एनएमडीसी ने लौह अयस्क का 12.22 एमटी उत्पादन और 11.42 एमटी बिक्री की है। वित्तवर्ष 23 की तीसरी तिमाही की तुलना में उत्पादन में 15 प्रतिशत की वृद्धि और बिक्री में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एनएमडीसी का दिसंबर 2023 तक संचयी उत्पादन 31.79 एमटी रहा जबकि बिक्री 31.97 एमटी रही। कंपनी के इतिहास में दिसंबर 2023 तक अब तक के सबसे अधिक संचयी उत्पादन और बिक्री के साथ, एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में तीव्र गति के साथ प्रवेश किया है। संचयी आंकड़ों में गत वर्ष की इसी अवधि से उत्पादन में 18 प्रतिशत और बिक्री में 24 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

अपनी टीम को बधाई देते हुए, श्री अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा कि यह प्रदर्शन एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमताओं और मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण में एनएमडीसी के रणनीतिक निवेश का प्रतिफल है। तीसरी तिमाही में असाधारण प्रदर्शन के साथ वर्ष 2024 में प्रवेश करने से वित्त वर्ष के लिए उत्पादन और बिक्री लक्ष्यों को प्राप्त करने में हमारा विश्वास बढा है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर जोन-6 के वार्ड 60 में पहुँचे लोकसभा सांसद ने दिये निर्देश

## मोदी सरकार आपके द्वार शिविर का सबको लाभ मिले : सुनील सोनी

**विकसित भारत संकल्प शिविर वार्ड 60, 61 में केन्द्र की विभिन्न योजनाओं से आमजन हुए लाभान्वित**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज केन्द्र सरकार के लोकहितैषी विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 6 के तहत दिन की दूसरी पाली में चंद्रषेखर आजाद वार्ड क्रमांक 60 के नागरची सामुदायिक भवन भैरव नगर में आमजनों की सुविधा हेतु केन्द्र सरकार की पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, आयुष्मान कार्ड, पीएम उज्जवला, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं कीसहज एवं सरल जानकारी देकर पात्रों को प्रत्यक्ष लाभान्वित करने के उद्देश्य से लगाया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अन्तर्गत आज दिन की दूसरी पाली में लगाये गये नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 6 के तहत चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 60 के विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, वार्ड 60 की पार्षद श्रीमती सावित्री जयमोहन साहू, निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी के. एस. पटले, जोन 6 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा सहित नगर पालिक निगम, रायपुर, जिला प्रशासन रायपुर सहित विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 60 के विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का शुभारंभ रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी ने केन्द्र सरकार की लोक कल्याणकारी पीएम स्वनिधि योजना के तहत वार्ड की पात्र निवासी ईश्वरी बाई यादव को अधिकार पत्र प्रदत्त कर किया। पीएम उज्जवला योजना में पात्र नागरिक पिंकी दुर्गा को अधिकार पत्र प्रदत्त किया गया। सुनील सोनी ने सभी नागरिको को नववर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं दी। सांसद ने मंच से सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत मोदी सरकार आपके द्वार के रूप में लगाये जा रहे शिविरों में सभी पात्र नागरिको को केन्द्र सरकार की सभी लोककल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक संख्या में पूर्ण वांछित लाभ दिलवाना प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करें। सांसद ने निर्देशित किया कि 6 जनवरी तक चलने वाले शिविरों के आयोजन के बाद नगर निगम के संबंधित सभी 10 जोन कार्यालयों में जोन के अधिकारीगण छुटे हुए पात्र नागरिको को शीघ्र केन्द्र सरकार की लोकहितैषी योजनाओं का वांछित दिलवाकर लाभान्वित करना सुनिष्चित करें। सुनील सोनी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में अब 10 लाख रुपए तक के नि:शुल्क उपचार का प्रावधान सरकार ने किया है एवं यह शिविरों में तुरंत बनाकर दिया जा रहा है। आधार कार्ड, पीएम उज्जवला योजना, पीएम स्वनिधि सहित सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं में कार्य तत्काल शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल में आमजनों हेतु हो रहे है। हर शिविर में सैकड़ों लोग पात्रतानुसार तत्काल लाभान्वित हो रहे है। मोदी सरकार की सभी गारंटियों को पूरा करने की गारंटी है। केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का संकल्प है कि नागरिको को रोजगार मांगने वाला नहीं रोजगार देने वाला नागरिक बनाना है।

## देश के कई राज्यों में ट्रांसपोर्टर और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर, जानें वजह

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के अधिकतर राज्यों में ट्रांसपोर्टर और ट्रक डाइवर हड़ताल पर हैं। कई स्थानों पर रोष प्रदर्शन किए जा रहे हैं और कई स्थानों पर प्रदर्शन जारी है। इन प्रदर्शनों की वजह है वो प्रावधान जिसमें केंद्र सरकार ने हिट एंड रन केस में 10 साल की सजा और सात लाख रुपए के जुर्माने का प्रावधान किया है। इसी के विरोध में तमाम बस और ऑटो चालकों ने हड़ताल कर दी है। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में हड़ताल का असर देखने को मिल रहा है। गाजियाबाद में पब्लिक ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल के बाद आम जनता को खासी परेशानियों का सामना कर पड़ रहा है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने हिट एंड रन कानून को सख्त बनाने का विरोध किया है। उनका कहना है कि देश की अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा योगदान परिवहन क्षेत्र और ट्रक चालकों का है। भारत इस समय वाहन चालकों की कमी से जूझ रहा है, लेकिन सरकार का इस और कोई ध्यान नहीं है। ऐसे में 10 साल की सजा के प्रावधान के बाद अब ट्रक ड्राइवर नौकरी छोड़ने को मजबूर हो गए हैं।

### पेट्रोल डीजल की कमी नहीं हैं, हो रही है पर्याप्त आपूर्ति : दिपांकर

**दुर्ग (आरएनएस)।** दुर्ग जिले में पेट्रोल डीजल की कमी नहीं है, हो रही है पर्याप्त आपूर्ति कतिपय व्यक्तियों द्वारा अधिक पेट्रोल/डीजल पम्पों से खरीदने का प्रयास किया जा रहा है। वास्तव में पेट्रोल/डीजल की कमी नहीं है, किन्तु वाहन चालकों की हडताल के कारण पेट्रोल / डीजल की नियमित आपूर्ति आंशिक रूप से प्रभावित हुई है। खाद्य नियंत्रक श्री सी. पी. दिपांकर के अनुससार जिला प्रशासन एवं ऑयल कंपनी के द्वारा ऑयल डिपो से पेट्रोल पम्पों को नियमित रूप से पेट्रोल / डीजल आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। शीघ्र ही पर्याप्त आपूर्ति की व्यवस्था बहाल हो जावेगी। सभी पेट्रोल / डीजल उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे आवश्यकता अनुसार ही वाहनों में पेट्रोल / डीजल भरवाकर व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करें।

www.dainikvishwaparivar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर, मंगलवार 02 जनवरी 2024



# परिवहन विभााग ने की दस बसों पर पेनाल्टी की कार्रवाई

## एक बस को परिवहन विभाग के उड़न दस्ता की टीम ने शनिवार को जब्त कर लिया है




**कोरबा(विश्व परिवार)।** फिटनेस जांच कराए बगैर चल रहे दस बसों पर पेनाल्टी के साथ बिना परमिट के संचालित हो रहे एक बस को परिवहन विभाग के उड़न दस्ता की टीम ने शनिवार को जब्त कर लिया है। शहर के नया बस स्टैंड में की गई इस कार्रवाई से बस मालिकों में हड़कंप मच गया है। परिवहन नियमों की अवहेलना करते हुए संचालित होने वाले यात्री बसों पर नकेल कसने के लिए जिला परिवहन विभााग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को औचक निरीक्षण के लिए परिवहन विभाग के निरीक्षक सुजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि मौसमी उतार चढ़ाव के बीच कोहरे की वजह से आगे पीछे चलने वाले कई बार टकरा जाते हैं। ऐसे में अगर वाहनों में रेडियम पट्टी लगी होगी तो प्रकाश में सामने की स्थिति आसानी से नजर आ सकती है। परिवहन नियम का पालन नहीं करने वाले बस संचालकों पर कार्रवाई की जा रही हैँ। बताना होगा कि मध्य प्रदेश के गुना जिले में डंपर से बस की टक्कर की घटना में 13 लोगों के जिंदा जलने से कोहराम मचा हुआ है। इसके साथ ही वाहनों से जुड़ी खामियों को देखने पर रखने और कार्रवाई शुरू कर दिया गया है। अक्सर ऐसा होता है जब किसी इलाके में गंभीर किस्म की घटना होती है तब संबंधित विभाग की नींद टूटती है और वह कार्रवाई में जुटता है। परिवहन विभाग के द्वारा शुरू किए गए इस अभियान को लेकर कुछ ऐसा ही कहा जा रहा है। कोरबा के डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी बस स्टैंड में परिवहन विभाग की टीम ने अपनी उपस्थिति दर्ज करने के साथ उन वाहनों की तलाश की जो फिटनेस नियम का पालन नहीं कर रहे थे। ठंड के मौसम में कोहरा के कारण होने वाली घटनाओं को ध्यान रखते हुए वाहनों पर अनिवार्य रूप से सामने और पीछे रेडियम पट्टी लगाने पर जोर दिया जा रहा है। परिवहन अधिकारी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत एक वाहन जप्त किया गया है जबकि आठ पर कार्रवाई की गई है। हमने मौके पर ही रेडियम लगाने का प्रबंध भी किया है। इससे पहले कोरबा जिले में पुलिस के द्वारा लोगों की शिकायत पर बोगस परमिट से संचालित हो रहे इंटर स्टेट रूट के वाहनों पर कार्रवाई की गई है । उस समय इस बात की पुष्टि हुई थी कि कोरबा से दूसरे राज्यों के लिए चलने वाले यात्री वाहन कट परमिट के सहारे मोटी कमाई कर रहे हैं।

## संभागीय प्रभारी रितेश ने ली बैठक ली

**कोरबा(विश्व परिवार)।** युवा मोर्चा के संभागीय प्रभारी रितेश के द्वारा कोरबा क्षेत्र का दौरा करते हुए कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई, जिसमें बुथ को सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया गया। मंडल स्तर पर जनवरी माह में कार्यशाला लगाया जायेगा। शक्ति केंद्रों में प्रमुखों की नियुक्ति होगी। इस बैठक में जिला प्रभारी राजेश बेहरा, जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, नरेंद्र देवांगन, अनुप यादव, किशन केशरवानी, उत्तम रंधावा, दीक्षित देवांगन, प्रीति स्वर्णकार, समजीत सिंह, सुभाष राठौर, जय गर्ग, रूपेश डिक्सेना, पिंकू रंजन, धनंजय चैहान, प्रकाश यादव, किशन साव, रामायण राठिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# स्वस्थ्य शरीर के लिए खेल-कूद आवश्यक-लखन

### क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन




**कोरबा(विश्व परिवार)।** सीएसईबी कोरबा फुटबॉल ग्राउंड में विकास खण्ड स्तरीय (बीआर सी) क्रिकेट कप प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला करतला ब्लॉक एवं पाली ब्लॉक के मध्य खेला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन रहे। यह प्रतियोगिता जिले के ब्लाक स्तरीय समस्त शिक्षको का ग्रुपों के मध्य खेला जा रहा है फाइनल मुकाबला पाली एवं करतला के मध्य खेला गया। पाली की टीम ने निर्धारित 12 ओव्हर में 143 रनों का लक्ष्य रखा था जिसमें करतला की टीम 103 रनों पर आल आउट हो गई इस तरह से पाली की टीम ने फाइनल विजेता बनी। कार्यक्रम में मंत्री लखन लाल देवांगन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दी उन्होंने मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर स्वस्थ मस्तिष्क के लिए किक्रेट खेलकूद महत्वपूर्ण और आवश्यक स्थान रखता है। कोई भी खेल हो खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। हम सभी एक ही जिले के निवासी हैं इससे आपसी सामंजस्य सहयोग व भाईचारा बनी रहती है खेल में हार जीत तो लगी रहती है जो टीम बेहतर प्रदर्शन करती है वह विजेता बनती है निश्चित तौर पर उपविजेता को और अच्छे से प्रदर्शन कर सर्वश्रेष्ठ देने की आवश्यकता है।

# सिगड़ी जला कर सोए नौ लोगों की बिगड़ी हालत, अस्पताल दाखिल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** ठंड से बचने के लिए एक परिवार कमरे में जलती हुई सिगड़ी रख कर सो गया। रात में उनका दम घुटने लगा और हालत बिगड़ गई। अन्य कमरे में सोए स्वजनों ने आनन-फानन में उन्हें विकासनगर कुसमुंडा चिकित्सालय लाया गया, जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना कुसमुंडा थाना अंतर्गत न्यू रेलवे कालोनी की है, यहां निवासरत निर्मला टांडी के घर क्रिसमस मनाने स्वजन आए हुए थे। क्रिसमस के बाद भी स्वजन रेलवे कालोनी में ठहरे हुए थे। शुक्रवार की रात ठंड से बचने निर्मला टांडी ने सिगड़ी जलवाई थी। कुछ देर तक आग तापने के बाद सिगड़ी को कमरे ही रखकर सभी सोने चले गए। देर रात अचानक कमरे में सोए लोगों के आखों में जलन, सिर दर्द और उल्टियां होने लगी। चक्कर आने की समस्या को देखते हुए उन्हें आनन-फानन में एसईसीएल के विकासनगर कुसमुंडा डिस्पेंसरी में लाया गया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। मेडिकल कालेज अस्पताल में दाखिल लोगों में साइबो सोनवारी, हिमांगी नायक, नमिता नायक, नंदिनी नायक, दो पुरूष समेत नौ लोग शामिल हैं। सभी का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उज्ज्वला के बाद भी जला रहे सिगड़ी:-कोरबा में खदानों की बहुतायत है। यहां कोयला आसानी से उपलब्ध हो जाता है। यही वजह है कि खासकर मोहल्लों और बस्तियों में सिगड़ी में ही लोग भोजन पकाते हैं।

# विधानसभा चुनाव में अथक परिश्रम करने पर कार्यकर्ताओं को दी बधाई

### अभिनंदन पत्र सौंप दी गई शुभकामनाएं

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले में आयोजित मंडल सशक्तिकरण कार्यशाला के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कोरबा के समस्त कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव में अथक परिश्रम करने हेतु मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव, विजय शर्मा तथा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत संभाग प्रभारी जिला प्रभारी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पंकज सोनी द्वारा अभिनंदन पत्र सौंप कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान सभी मंडलों को सशक्त बनाने की रणनीति बनाई गई। साथ ही आगामी कार्यक्रम के लिए रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य रूप से शामिल हुए। मंत्री श्री देवांगन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के समर्पित देव तुल्य कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और समर्पण से कोरबा और कटघोरा में भारतीय जनता पार्टी को बड़ी जीत मिली है। संगठन ने भी कोरबा को सरकार में बड़ी जिम्मेदारी देकर कोरबा के कार्यकर्ताओं का सम्मान किया है। निश्चित ही मैं कोरबा सहित प्रदेश की जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। उन्होंने आम जनता, कार्यकर्ताओं सहित संगठन का आभार व्यक्त किया। आयोजन के दौरान युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारियों और मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री का बेहतर कार्य और क्षेत्र में अपना नेतृत्व देने के लिए उनका सम्मान किया गया।

# पर्यावरण स्वीकृति लेने में अरूचि, इसलिए बलगी का भविष्य खतरे में - दीपेश

**कोरबा(विश्व परिवार)।** एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत सुराकछार उपक्षेत्र के मेन माइन एवं 3-4 खदान से कर्मचारियों को दिगर इकाइयों में स्थानांतरण की योजना बनाई जा रही है, जिसका एटक श्रम संगठन विरोध कर रही है। एटक नेता दीपेश मिश्रा ने बताया कि पर्यावरण मंजूरी न मिलने के कारणों के चलते दोनों खदान मे खनन गतिविधियों को रोक दिया गया है। इसमें सबसे मजेदार बात यह है कि केंद्रीय पर्यावरण विभाग ने 2015 मे ही सुराकछार प्रबंधन को खनन गतिविधियों को जारी रखने के लिए पर्यावरण मंजूरी लेने को कहा था परन्तु प्रबंधन ने केंद्रीय पर्यावरण विभाग द्वारा जारी किए गए नोटिस को नजरअंदाज करते हुए खनन गतिविधियों को जारी रखने के लिए राज्य पर्यावरण विभाग से संचालित सहमति ले लिया। कोयला उत्पादन जारी रखा जबकि केंद्रीय पर्यावरण विभाग द्वारा जारी नोटिस को गंभीरता से नहीं लिया। अब राज्य पर्यावरण विभाग ने भी पर्यावरण मंजूरी के अभाव में दोनों खदानों में कोयला उत्पादन रोक दिया है। दीपेश मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण मंजूरी एक लंबी प्रक्रिया है जो निश्चित आकार से बड़ी परियोजनाओं के लिए अनिवार्य है। सुराकछार उपक्षेत्र के बलगी खदान भी फरवरी 2024 तक कोयला उत्पादन जारी रखने की अनुमति है याने कि बलगी खदान का भविष्य भी खतरे में है। पर्यावरण मंजूरी के अभाव में कोयला उत्पादन को जो रोक दिया गया है, उसका हल निकाला जाए पर किसी भी मजदूर का स्थानांतरण न किया जाए बल्कि जो मजदूर स्वेच्छा से दीगर इकाइयों मे जाना चाहता है उसे ही ट्रांसफर किया जाए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में नागरिकों को मिल रहा स्वास्थ्य सुविधा



**सारंगढ़-बिलाईगढ़ (विश्व परिवार)।** शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन राज्य में 16 दिसम्बर 2023 से किया जा रहा है। इसके तहत कुल 17 योजनाओं की उपलब्धि पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसमे पूरे प्रदेश के 33 जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में 11664 ग्राम पंचायत एवं 170 शहरी क्षेत्र शामिल होंगे। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में इन सभी योजनाओं का प्रचार प्रसार गाँव-गाँव, घर-घर , जन-जन तक ले जाने का अथक प्रयास किया जा रहा है, जिससे लोग जागरूक हों और समस्त प्रकार के योजनाओं का लाभ ले सकें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला के कुशल नेतृत्व में जिले के कुल 3 विकासखंडो के 349 पंचायत हैं जहाँ कुल 137 स्वास्थ्य केंद्र हैं। जिसके अंतर्गत अभी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के 63 कार्यक्रम हो चुके हैं जिसमें राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 19033 मरीजों की स्क्रीनिंग पश्चात 452 मरीजों को रिफर किया तथा प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत 59 मरीजों का कंसेंट लिया गया। 14 मरीजों का नि:क्षय रजिस्ट्रेशन, 9 मरीजों के बैंक खाते लिए गए हैं। इसी तरह सभी ग्राम पंचायतों को कवर करने के उद्देश्य से बनाये गए रुट चार्ट के अनुसार होने वाले हेल्थ कैम्प में कुल 19 हजार 209 है जिसमें असंक्रामक रोगों से 996 चिन्हित मरीजों को हायर सेंटर रिफर किया गया है तथा इनसे बचाव हेतु 13 हजार 586 लोगों को कैम्प स्थल पर ही स्वच्छता पूर्ण जीवनशैली हेतु काउंसिलिंग, स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। साथ ही उच्च रक्तचाप हेतु 11099 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें 889 लोगो को पॉजिटिव पाया गया जिनको दवा वितरण किया गया। इन्हें अब स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बराबर मानिटरिंग किया जाएगा। इसी प्रकार 10 हजार 957 मरीजों को मधुमेह (डायविटीज) हेतु स्क्रीनिंग की गई जिनमे 617 लोगों को पॉजिटिव पाकर तत्काल दवा शुरू कर हिदायत दी गयी है कि परहेज पर रहें व बराबर दवा लें तथा हर हफ्ते दस दिन में अपना शुगर, डायविटीज की जांच नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में अवश्य कराते रहें। इसी के साथ जन्मजात बीमारी जिसकी पहचान सिर्फ रक्त जांच से ही पता चलता है जिसमें शरीर मे हमेशा खून की कमी, शरीर व छाती मे दर्द, कमजोरी, थकान, चक्कर, भूक न लगना, पेशाब में खून या सांद्रता, सांस फूलना, हाथ पैर की उंगलियों में जलन व सूजन बने रहती है, जिसे सिकल सेल एनीमिया (हँसियाकार अरक्तता) कहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बकाया बोनस की राशि लेने बैंकों में लगी लंबी कतार

**खैरागढ़(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 2 साल के धान की बकाया बोनस की राशि 25 दिसंबर सुशासन दिवस पर किसानों के खातों में डाल दी. इसके तहत खैरागढ़ जिले में लगभग 45 हजार किसानों के खाते में लगभग 70 करोड़ 1 लाख 25 हजार पहुंचे हैं.वहीं, खातों में पैसा आने के बाद से ही लगातार किसान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखाओं का रुख कर रहे हैं. 25 दिसंबर से लगातार बैंकों की शाखाओं में किसानों की लंबी-लंबी कतारे भी देखने को मिल रही है. लगभग 9 साल बाद मिले धान के बकाया बोनस राशि से किसान खुश नजर आ रहे हैं. वहीं, बैंक की ओर से बड़ी संख्या में पहुंच रहे किसानों के लिए छाव की व्यवस्था की गई है. उल्लेखनीय है कि, छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने घोषणा की थी कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही किसानों के खाते में दो साल का बोनस दिया जाएगा. सत्ता में काबिज होने के बाद सीएम विष्णुदेव साय ने 18 लाख लोगों को पीएम आवास के लिए मंजूरी दी थी. इसके साथ ही उन्होंने घोषणा करते हुए कहा था कि 25 दिसंबर को किसानों के खाते में पैसे डाले जाएंगे. फिर सुशासन दिवस पर 25 दिसंबर को राज्य के किसानों को खरीफ विपणन साल 2014-15 और साल 2015-16 की बकाया धान की बोनस राशि 3716 करोड़ 38 लाख 96 हजार रुपए का भुगतान किया गया.

### सड़क बनाने की जगह रेत व गिट्टी उठाने पर पसरा विवाद

**कोरबा(विश्व परिवार)।** ग्राम पंचायत नवागांव कला में पुल से पटेल मोहल्ला तक बीएमडब्ल्यू सडक को अन्य स्थान पर बनाने के लिए रखे निर्माण सामाग्री गिट्टी का उठाव ठेकेदार और सीएसईबी द्वारा किया जा रहा। इस पर ग्राम सरंपच और ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। यहां बताना होगा कि ग्राम पंचायत नवागांव कला में नहर पुल से पटेल मोहल्ला पहुंच मार्ग तक बीएमडब्ल्यू रोड बनाने के लिए छह माह पहले सीएसईबी ने ठेका दिया। इसके साथ ही सड़क निर्माण के लिए गिट्टी गिराया गया, इसे ठेकेदार और सीएसईबी के अधिकारी मिलकर उठा रहे थे। ताकि अन्यत्र कार्य कराया जा सके। इसकी भनक ग्रामवासी व सरंपच को लगने पर विरोध जताते हुए सामाग्री को उठाने से रोक लगा दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि गिट्टी उठाने से मना किए जाने पर ठेकेदार ने ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार किया। जिससें ग्रामवासियों में सीएसईबी और ठेकेदार के प्रति रोष व्याप्त है। सरंपच व ग्रामवासियों ने कहा है कि एक सप्ताह में सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो राखड़ बांध में चल रहे सभी कार्य पर रोक लगा दिया जाएगा।

### एक ही मकान में दूसरी बार चोरी,5 लाख नगदी सहित जेवरात पार

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** बलौदाबाजार के समृद्धि कालोनी में चोरों ने जगन्नाथ पूरी दर्शन करने गए एक परिवार के घर को निशाना बनाकर घर में रखे 5 लाख रूपये नकदी सहित गहने पार कर दिये। साथ ही सीसीटीवी की डीवीआर लेकर फरार हो गए है। चोरों ने बिते नौ महीनों में दूसरी बार उक्त मकान को अपना निशाना बनाया है। मिली जानकारी के अनुसार समृद्धि कालोनी निवासी हीरालाल अग्रवाल अपने परिवार के साथ दो दिनों पूर्व जगन्नाथ पुरी दर्शन करने के लिए गया था। इसी दौरान उसके घर पर चोरी हो गई। पड़ोसी ने घर मे चोरी होने की खबर दी। इसके बाद परिवार आनन फानन में जब वापास लौटा तो उन्हें घर का ताला और खिड़की टूटा हुआ दिखा। इसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। पीड़ित परिवार ने बताया कि, पड़ोसी से सूचना मिलने के बाद जब हमने अंदर प्रवेश किया तो घर का मुख्य द्वार की कुंडी टुटी हुई थी। घर के अंदर जाने पर आलमारी का ताला खुला था और सभी सामान बिखरा पड़ा था। प्रार्थी के अनुसार उनके घर की आलमारी में रखे जेवरात और नगदी समेत करीबन 5.50 लाख रुपये की चोरी कर ली गई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### रिटायर्ड कर्मचारियों का हुआ सम्मान

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कल एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट के 12 कर्मचारी व एक अधिकारी रिटायर्ड होने पर उनका सम्मान किया गया। इन कर्मचारियों को उनके घरों तक जाकर छोड़ते हुए भावभिनी विहाई की गई। इस दौरान यूनियन प्रतिनिधि छंदराम राठौर, जुराखन चंद्रा, हरनारायण केशरवानी, कृपाल सिंह, शेखचांद मंसूरी, संतोष मिश्रा ने स्वर में कर्मचारियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि रिटायर्ड कर्मचारियों को अब दूसरी पाली में काफी गंभीरता के साथ आगे बढना होगा। अब उनकी परिवार के प्रति जवाबदारी बढ़ गई है।

# संपादकीय

## डीपफेक पर लगाम जरूरी

भारत में भी डीपफेक का इस्तेमाल कर ऐसे लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, जो सेलिब्रिटी हैं या फिर राजनीति से ताल्लुक रखते हैं। निर्विवाद रूप से यह नई तकनीक का दुरुपयोग है। यह एक तरह की आपराधिक गतिविधि भी है, जिस पर रोक लगाना अनिवार्य है। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स को इसे रोकने की जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी। भारत सरकार के बारे में यह आम धारणा ठोस रूप ले चुकी है कि वह हर माध्यम और संस्था पर अपना शिकंजा कसना चाहती है। एक दूसरी धारणा यह है कि उसकी ऐसी हर कार्रवाई दलगत नजरिए से एकतरफा होती है। यही कारण है कि डीपफेक के बारे में सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स के लिए उसकी जारी ताजा एडवाइजरी ने कई हलकों में गहरी आशंकाओं को जन्म दिया है। वरना, डीपफेक तकनीक को लेकर चिंताएं सारी दुनिया में हैं। लगभग सभी देशों में आर्टिफिशिलय इंटेलीजेंस (एआई) तकनीक को विनियमित करने पर विचार हो रहा है। ऐसे में भारत सरकार भी ऐसे कदम उठाए, यह लाजिमी है। लेकिन उसके ऐसे कदम से समाज के एक हिस्से अंदेशे गहरा जाते हैं, तो उसका कारण सिर्फ सरकार का अपना रिकॉर्ड है। बहरहाल, केंद्र ने डीपफेक समस्या को लेकर एक एडवाइजरी जारी की है। उसने सभी सोशल मीडिया कंपनियों को सूचना प्रौद्योगिकी नियमों का पालन करने की सलाह दी है। इससे पहले इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एक एडवाइजरी जारी कर चुका है। ताजा एडवाइजरी में मंत्रालय ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को यूजर्स को आईटी नियमों के तहत प्रतिबंधित कंटेंट को प्रकाशित ना करने के बारे में जागरूक करना चाहिए। यूजर्स को फर्जी वीडियो, मैसेज या कंटेंट डालने से रोकने का काम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का है। मकसद यह है कि ऐसी गतिविधि से अन्य यूजर्स को नुकसान ना हो। यह बताना भी इन्हीं प्लैटफॉर्म्स का दायित्व है कि आईटी कानून के नियम का पालन नहीं करने पर यूजर्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। बीते नवंबर में भी केंद्र ने एक आदेश जारी कर डीपफेक वीडियो की पहचान करने और उन्हें हटाने के लिए कहा था। यह सच है कि दुनिया के कई दूसरे देशों की ही तरह भारत में भी डीपफेक का इस्तेमाल कर ऐसे लोगों को निशाना बनाया जा रहा है, जो सेलिब्रिटी हैं या फिर राजनीति से ताल्लुक रखते हैं। निर्विवाद रूप से यह नई तकनीक का दुरुपयोग है। यह एक तरह की आपराधिक गतिविधि भी है, जिस पर रोक लगाना अनिवार्य है। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स को इसे रोकने की जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी।

# सेना की सिफारिश पर निशान-ए-हैदर

**प्रताप सिंह पटियाल**

मैदाने जंग में दुश्मन की बहादुरी का एहतराम करके शत्रु सैनिकों को रणभूमि में खिराज-ए-अकीदत पेश करने वाले जज्बात भारतीय सेना की महानता को जाहिर करते हैं। पाक सेना से भारतीय सरजमीं को मुक्त कराने में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले 'नग्गी युद्ध' के शूरवीरों को सेना नमन करती है भारतीय सेना का इतिहास हमारे सैनिकों के अदम्य साहस की वीरगाथाओं व सेना की गौरवशाली परंपराओं से लबेरज है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि भारतीय सेना ने सन् 1971 की जंग में पाकिस्तान को तकसीम करके कभी न सूखने वाला जख्म दिया था। सन् 1971 में भारतीय सेना हिंदोस्तान के पूर्वी व पश्चिमी दोनों मोर्चों पर जंग लड़ रही थी। जंग के महाज पर दुश्मन के नापाक मंसूबों को खाक में मिलाकर शौर्य पराक्रम के कई मजमून लिखने वाली भारतीय सेना ने रणभूमि में दुश्मन की बहादुरी का हमेशा सम्मान किया है। भारतीय सेना ने चार दिसंबर 1971 को पश्चिमी मोर्चे पर पाकिस्तान के शकरगढ़ सेक्टर पर हमला करके पाक सेना की पेशकदमी को वहीं खामोश कर दिया था। शकरगढ़ में बसंतर दरिया के किनारे 'जरपाल' कस्बे पर कब्जा करने में अहम किरदार अदा करने वाली सेना की 'तीन ग्रेनेडियर्स' यूनिट के कमान अधिकारी कर्नल 'वेद प्रकाश एरी' को युद्ध में उत्कृष्ट सैन्य नेतृत्व के लिए 'महावीर चक्र' से नवाजा गया था। बसंतर के युद्ध में पाकिस्तानी कर्नल 'मोहम्मद अकरम रजा' की कयादत में पाक सेना की '35वीं फ्रंटियर फोर्स' ने जरपाल में तीन ग्रेनेडियर्स पर हमला कर दिया था। तीन ग्रेडियर्स के जवाबी हमले में फ्रंटियर फोर्स के कर्नल मो. अकरम रजा सहित 85 पाक सैनिक हलाक हो गए थे। भारतीय कर्नल वीपी एरी ने जंग में हलाक हो चुके पाक कर्नल अकरम रजा की वर्दी की जेब में एक पत्र लिखकर डाल दिया था, जिसमें बसंतर युद्ध में अकरम रजा की बहादुरी का जिक्र किया गया था।



युद्ध में सीजफायर का ऐलान होने के बाद 17 दिसंबर 1971 को बसंतर की जंग में मारे गए पाक सैनिकों की लाशें उठाते वक्त पाकिस्तानी ब्रिगेडियर 'शेरबाज खान' को अकरम रजा की जेब से वो पत्र प्राप्त हुआ था। नतीजतन कर्नल वीपी एरी की तहरीर पर पाक हुकूमत ने बसंतर जंग में मारे गए कर्नल मो. अकरम रजा को पाकिस्तान के दूसरे आलातरीन सैन्य पदक 'हिलाल-ए-जुर्रत' से सरफराज किया था। स्मरण रहे भारतीय सेना ने आदमियत की एक ऐसी ही मिसाल सन् 1999 की कारगिल जंग में पेश की थी। कारगिल युद्ध में 'टाईगर हिल' पर 'आठ सिख रेजिमेंट' के भयंकर हमले में पाक सेना की '12 नार्दर्न लाइट इन्फैंट्री' के कैप्टन 'करनल शेर खान' सहित कई सैनिक हलाक हो गए थे। पाकिस्तान ने कारगिल जंग में मारे गए अपने सैनिकों की लाशें तस्लीम नहीं की थीं। मगर युद्ध में शहीद शेर खान की बहादुरी से प्रभावित होकर भारतीय सेना के ब्रिगेडियर 'एमपीएस बाजवा' ने शेर खान की मय्यत को रेडक्रॉस के जरिए पूरे सैन्य एजाज के साथ पाकिस्तान भिजवाया था तथा शेर खान की जेब में एक पत्र लिखकर डाला था। उस पत्र में जंग में शेर खान की बहादुरी का हवाला दिया गया था। जब पाक हुक्मरानों को करनल शेरखान की बहादुरी का इल्म हुआ तो इस्लामाबाद में शेर खान के ताबूत को ले. ज. मुजफ्फर उस्मानी व सिंध के गवर्नर मामून हुसैन ने खुद कंधा दिया था। एमपीएस बाजवा द्वारा लिखे पत्र की सिफारिश पर पाक हुकूमत ने कै. करनल शेर खान को पाकिस्तान के सर्वोच्च सैन्य पदक 'निशान-ए-हैदर' से नवाजा था। रणभूमि में ऐसा बहुत कम देखने या सुनने को मिलता है, जब कोई सैनिक दुश्मन की वीरता की तारीफ पूरी अकीदत से करता हो। लेकिन कारगिल जंग में मुल्लविश पाक सेना के किरदार को बेनकाब करने वाले हिमाचली शूरवीर कै. सौरभ कालिया के जख्मों का हिसाब पाक सेना से बाकी है। सन् 1971 की जंग को भारतीय सेना ने विजयी अंदाज में तकमील कर दिया था। बांग्लादेश के ढाका में 16 दिसंबर 1971 को पाक जरनैल आमीर अब्दुल्ला खान नियाजी ने 93 हजार पाक जंगी कैदियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया था। सरहदें लगभग शांत हो चुकी थीं, मगर युद्ध में मिली जिल्लतभरी शिकस्त से आलमी सतह पर बेआबरू हो चुके पाक सिपाहसालारों ने भारत के खिलाफ सरहद पर खूनी संघर्ष जारी रखा था। पाकसेना की '36वीं फ्रंटियर फोर्स व पाक रेंजर्स' ने 25 दिसंबर 1971 को राजस्थान के गंगानगर सेक्टर में श्रीकरणपुर तहसील के 'नग्गी' कस्बे पर हमला करके कब्जा जमा लिया था। परंतु भारतीय सेना के पलटवार के बाद नग्गी पर हमला पाक सेना के लिए कुचा-ए-कातिल साबित हुआ था। भारतीय सेना की 'चार पैराशूट' व 'नौ पैरा फील्ड' बटालियन ने 27 दिसंबर 1971 को नग्गी में पाक सेना के उस दुस्साहस का माकूल जवाब दिया था। नग्गी के रण में पाक सेना पर जवाबी हमला करने वाली चार पैराशूट की एक कंपनी का नेतृत्व मेजर 'विजय कुमार बेरी' 'महावीर चक्र' ने किया था। नग्गी में पाक सेना पर आक्रामक सैन्य कार्रवाई के दौरान दुश्मन के तोपखाने की भीषण गोलीबारी में चार पैराशूट के 21 कमांडो वीरगति को प्राप्त हो गए थे। युद्ध में उच्चकोटी के सैन्य नेतृत्व के लिए हवलदार 'टेक बहादुर गुरूंग' को 'वीर चक्र' (मरणोपरांत) से नवाजा गया था। मे. विजय कुमार बेरी की प्रारंभिक शिक्षा शिमला के 'सेंट एडवर्ड स्कूल' में हुई थी। नग्गी के उसी युद्ध में पाक सेना को धूल चटाकर हिमाचल के पैराट्रूपर कमलेश कुमार भी शहीद हो गए थे। नग्गी में पाक फौज की मसूबाबंदी को ध्वस्त करने वाले योद्धाओं की याद में भारतीय सेना प्रतिवर्ष 28 दिसंबर को 'नग्गी दिवस' के तौर पर मनाती है। नग्गी में तामीर किया गया 'यादगार-ए-शहोदा' नग्गी जंग के शूरवीरों की बहादुरी को बखूबी बयान करता है। बहरहाल पाक सेना को भारत के खिलाफ अदावत विरासत में मिली है। लेकिन मैदाने जंग में दुश्मन की बहादुरी का एहतराम करके शत्रु सैनिकों को रणभूमि में खिराज-ए-अकीदत पेश करने वाले जज्बात भारतीय सेना की महानता को जाहिर करते हैं। पाक सेना से भारतीय सरजमीं को मुक्त कराने में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले 'नग्गी युद्ध' के शूरवीरों को सेना नमन करती है। मातृभूमि की रक्षा के लिए हमारे सैनिकों ने बलिदान देकर दुश्मन को हमेशा शिकस्त-ए-फाश दी है। सैनिकों का जज्बा युवा वर्ग के लिए प्रेरणादायक होना चाहिए।

# विचार

## नीतीश बचेंगे या खत्म होंगे?

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने अस्तित्व का संकट है। वे राष्ट्रीय जनता दल के साथ मिल कर सरकार चला रहे हैं लेकिन राजद की ओर से उनको कमजोर करने की कोशिश हो रही है। वे भाजपा के साथ जाना चाहते हैं लेकिन भाजपा को भी पूरी तरह से सरेंडर चाहिए। जानकार सूत्रों का कहना है कि राजद और भाजपा दोनों बिहार की राजनीति से नीतीश फैक्टर को खत्म करना चाहते हैं। असल में बिहार की राजनीति में पिछले करीब तीन दशक से नीतीश कुमार एक धुरी बने हुए हैं और वह भी बिना किसी मजबूत जातीय आधार के। उन्होंने 1994 में समता पार्टी बनाई थी और तब से वे बिहार के राजनीति के सबसे अहम किरदार हैं। लेकिन अब दोनों बड़ी पार्टियां- राजद और भाजपा उनको खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने अपनी ओर से ऐलान किया है कि 2025 का विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के चेहरे पर लड़ा जाएगा। लेकिन बताया जा रहा है कि लालू प्रसाद चाहते हैं कि नीतीश अभी तुरंत तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाएं। यह भी कहा जा रहा है कि पिछले साल अगस्त में जब नीतीश ने भाजपा को छोड़ा था तब लालू प्रसाद के साथ उनका समझौता हुआ था कि वे एक साल में तेजस्वी को गद्दी सौंप देंगे। सो, लालू की ओर से नीतीश पर भारी दबाव है। लालू परिवार के कई सदस्य राज्य की सत्ता का केंद्र बने हैं, इससे भी नीतीश को समस्या है। इसके अलावा लालू की पार्टी के विधायक और मंत्री जैसे सुनील सिंह, चंद्रशेखर, सुधाकर सिंह आदि लगातार नीतीश के खिलाफ बयान दे रहे हैं। लालू प्रसाद को लग रहा है कि अगर तेजस्वी अभी सीएम नहीं बने तो बेटे को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर देखने की उनकी हसरत पूरी नहीं होगी और अगर नीतीश फैक्टर बने रहे तो मंडल, समाजवादी और पिछड़ों की राजनीति पूरी तरह से राजद के हाथ में नहीं आएगी। दूसरी ओर भाजपा ने नीतीश फैक्टर को खत्म करने की कोशिश 2020 के विधानसभा चुनाव में भी की थी। तब वे भाजपा के साथ ही मिल कर चुनाव लड़ रहे थे लेकिन भाजपा की शह पर चिराग पासवान ने नीतीश की पार्टी के हर उम्मीदवार के खिलाफ अपना उम्मीदवार उतार दिया था। सोचें, तब नीतीश राजद-कांग्रेस गठबंधन के खिलाफ तो लड़ ही रहे थे लोक जनशक्ति पार्टी के भी खिलाफ लड़ रहे थे, जिसके पीछे भाजपा की ताकत थी। भाजपा के अनेक बड़े नेता लोक जनशक्ति पार्टी की टिकट से चुनाव लड़े थे। फिर भी नीतीश 43 सीट जीत कर आए। लेकिन वे काफी कमजोर हुए और राजद व भाजपा के बाद तीसरे नंबर की पार्टी रह गए। तभी से वे भाजपा से बदला लेना चाहते हैं तो राजद को भी गद्दी नहीं देना चाहते हैं। इस बात को राजद और भाजपा दोनों ने समझा हुआ है। इसलिए कोई मौका नहीं देना चाहता है। भाजपा चाहती है कि वे मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ें, भाजपा का सीएम बनाएं तभी समझौता होगा। नीतीश सीएम रहते हुए तालमेल चाहते हैं और साथ ही लोकसभा के साथ ही विधानसभा का चुनाव कराना चाहते हैं। वे यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि बाद में भाजपा फिर कोई चिराग पासवान टाइप का दांव न चले तो दूसरी ओर भाजपा चाहती है कि उनकी ऐसी हालत कर दी जाए कि वे फिर गठबंधन बदल नहीं कर सकें। सो, उनके एक तरफ कुआं और दूसरी ओर खाई है। दोनों में से कोई उनको सीएम नहीं रखना चाहता है। ऊपर से उनका स्वास्थ्य बहुत अच्छा नहीं है। तभी यह देखना दिलचस्प है कि वे हर बार की तरह इस बार भी संकट से निकलते हैं या बिहार की राजनीति से नीतीश अध्याय की समापति होती है?

## सिलकियारा टनल फिर से

लोगों की स्मृति में अभी ताजा है कि उत्तराखंड के सिलकियारा टनल में दिवाली की प्रात: 12 नवम्बर को चालीस से ज्यादा मजदूर फंस गये थे। इन 41 मजदूरों को काफी मशक्कत के बाद सफलता पूर्वक निकाला जा सकता था । सभी टी.वी. चैनल और कोई खबर न दिखाकर के इस टनल में फंसे मजदूरों का रेस्क्यू ऑपरेशन ही दिखा रहे थे। यह प्रौजेक्ट नेशनल हाईवे अथॉरिटी की तरह से बनाया जा रहा था ताकि बद्रीनाथ जाने वाले यात्रियों को 27 किलोमीटर का सफर कम चलना पड़े । इसी से इस मंत्रालय के केन्द्रीय राज्यमंत्री वी.के. सिंह बराबर वहां डटे रहे। बीच-बीच में गडकरी और अन्य उच्च अधिकारी और मंत्री आते रहे । कहते हैं कि प्रधानमंत्री फोन पर इस रेस्क्यू ऑपरेशन की पल-पल की खबर लेते रहे। माननीय प्रधानमंत्री ने बाद में इन मजदूरों से बात भी की ।

# 24 में 76 देशों में लोकतंत्र की परीक्षा!

**श्रुति व्यास**

सन् 2024 चुनावों का साल होगा। दुनिया के कोई 76 देशों में चुनावी राजनीति, ध्रुवीकरण, तू-तू मैं-मैं और कहासुनी की बहार होगी। प्रतिद्वंदी पार्टियों के बीच विवाद होगें। सहयोगी पार्टियों के बीच भी।सो जहा युद्ध की राजनीति पृष्ठभूमि में चली जाएगी वही सोशल मीडिया पर, टीवी पर, घरों में और पार्कों में भी बहस-मुबाहिसे होंगे। खूब नाटक-नौटंकी होगी और वह भी पैसा वसूल से। खबरों के मुताबिक दुनिया की लगभग आधी आबादी 2024 में वोट डालेगी। मतलब यह कि आज तक किसी भी साल में उतने वोट नहीं डाले गए होंगे, जितने अगली साल डाले जाएंगे। दुनिया के दस सबसे ज्यादा आबादी वाले देशों में से आठ ङ्क बांग्लादेश, ब्राजील, भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, पाकिस्तान, रूस और अमेरिका ङ्क में 2024 में चुनाव होंगे। और दिलचस्प किंतु साथ ही चिंताजनक तथ्य यह है कि चुनाव वाले इन देशों में लोकतंत्र की परीक्षा भी होगी। निश्चित है कि बांग्लादेश, मेक्सिको, पाकिस्तान और रूस में चुनाव मात्र एक दिखावा, सिर्फ ढकोसला होंगे, और इनसे सत्ता में कोई बदलाव नहीं होगा। ताईवान में इस चुनाव में यह तय होगा कि वह चीन के चंगुल में रहेगा या उससे मुक्त होगा। चीन से ताईवान के संबंध कैसे होंगे, यह इस चुनाव में निर्धारित होगा। सम्भावना यही है कि स्वतंत्रता-समर्थक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी राष्ट्रपति पद एवं संसद पर काबिज रहेगी। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो राजनीति में अपने वंश की जड़ें मजबूत करने में जुटे हैं। इसके अलावा यूक्रेन भी है, जो युद्ध में उलझा रहेगा। राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने देश में चुनाव होने की संभावना से इस तथ्य के बावजूद इंकार नहीं किया है कि वहां मार्शल लॉ लागू है जिसके अंतर्गत चुनाव करवाना प्रतिबंधित है। ऐसा चुनाव कभी भी पुर्णत: स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं हो सकता जब देश के एक हिस्से पर विदेशी कब्जा है और दसियों लाख यूक्रेनी अपने घर छोड़कर विस्थापित हैं। इन हालातों में यह तय मानना चाहिए कि जेलेंस्की ही राष्ट्रपति पद पर काबिज रहेंगे। अफ्रीका सबसे अधिक चुनावों वाला महाद्वीप है। लेकिन वहां मतदाताओं का लोकतांत्रिक प्रणाली से मोहभंग हो गया है। वहां हुई रायशुमारियों से पता लगता है कि अधिकाधिक अफ्रीकी सैन्य शासन के पक्ष में होते जा रहे हैं। वहां तख्तापलट की घटनाएं भी बढती जा रही हैं और 2020 से लेकर अब तक इस तरह के नौ सत्ता परिवर्तन हो चुके हैं। सबसे ज्यादा ध्यान दक्षिण अफ्रीका पर होगा जहां एक विभाजित एवं कमजोर विपक्ष होने के कारण भ्रष्टाचार और घोटालों के कई मामलों के बावजूद यह लगभग निश्चित है कि सत्ताधारी अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस दुबारा चुनाव जीत जाएगी लेकिन सबसे बड़े चुनाव होंगे भारत और अमरीका में। भारत में चुनाव का आकार और उनका कैनवास दुनिया के किसी भी अन्य चुनाव से बड़ा होता है। हमारे यहां चुनाव में जाति, धर्म, अन्य सभी प्रकार के विभाजन, रेवड़ी, अहं का टकराव, अपनी ढपली बजाना आदि सभी की भूमिका होती है। जाहिर है कि भारत में 2024 नए-नए जुमलों और खूब कहा-सुनी का साल होगा। एक ऐसा साल जिसमें 'संयुक्त विपक्ष' की शक्ति का मुकाबला नरेन्द्र मोदी की ताकत और उनके प्रति जुनून से होगा। यह चुनाव इंडिया बनाम भारत, लोकतंत्र बनाम लोकलुभावनवाद का होगा। यह एक ऐसा चुनाव होगा जिनमें अन्य रूटीन मुद्दों के अतिरिक्त लोगों के मन में भारत के 'विश्व गुरू' बनने का इलहाम होगा। मीडियाकर्मी देश के कोने-कोने में पहुचेंगे, अपने-आप आकलन और धारणाओं का खुलासा करेगें और मोदी के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर की चर्चा होगी। मगर दीवारों से लेकर आसमान तक सब जगह बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा होगा ङ्क मोदी फिर से। हाँ, भारत में भी बांग्लादेश, मेक्सिको, पाकिस्तान, रूस और यूक्रेन की तरह सत्ता परिवर्तन नहीं होगा। पिछले दस सालों में भारत में भी हालात बिगड़े हैं और यहां के लोकतंत्र में नुक्स पैदा हो गए हैं। लेकिन हमारे पड़ोसियों और रूस की तुलना में, जहां तानाशाही का बोलबाला है और जहां लोकतंत्र का केवल 'दिखावा' किया जाता है, भारत में चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होंगे (ईव्हीएम हैक किए जाने की बातें कोरी बकवास हैं)। और यदि ईश्वर ने विपक्ष का साथ देने का मन बना लिया तो हो सकता है कि बदलाव भी हो जाए। मगर हमें यह स्वीकार करना ही होगा कि पिछले कुछ सालों में हमारा राजनैतिक तंत्र कमजोर हुआ है। प्रेस का ज्यादातर हिस्सा वैसी खबरें ही देगा जैसी देने के लिए उसे कहा जाएगा, अधिकारी उसी तरह से काम करेंगे जैसा करने के निर्देश उन्हें दिए जाएंगे। जहां राहुल गांधी भारत की आत्मा की रक्षा का आव्हान करेंगे वहीं नरेन्द्र मोदी भारत की आत्मा की 'भ्रष्ट इंडिया' से बचाने का दावा करेंगे। प्रचार की आंधी में लोगों का कॉमन सेंस सूखे पत्ते के तरह उड़ हुआ होगा। एक अन्य देश जहां ठीक यही होगा वह है संयुक्त राज्य अमरीका। वहां साल के अंत में राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होगा। चुनाव प्रचार कटुतापूर्ण, बल्कि ज़हरीला और देशा को ध्रुवीकृत करने वाले होगा और ऐसा होना सारी दुनिया की राजनीति के लिए बुरा होगा। यह स्पष्ट हो चुका है कि इस चुनाव में वही दो बड़े मियां भिड़ेंगे, जिनके बीच पिछला चुनाव हुआ था। और वह भी तब जबकि ज्यादातर मतदाता नहीं चाहते कि इन दोनों में से कोई भी उम्मीदवार बने। यह उम्मीद करना बेकार है कि अंतिम क्षणों में रिपब्लिकनों के रूख में ऐसा बदलाव आएगा जिसके नतीजे में ट्रंप का नामांकन न हो। ऐसे व्यक्ति का नामांकन करना जिसने पिछले चुनाव के नतीजों को पलटने का प्रयास किया था, अपने आप में अमरीका के लोकतंत्र के प्रकाशस्तंभ होने की छवि को धूमिल करता है।

# भारतीय राजनीति में एक नया प्रयोग....

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

अब भारतीय जनता पार्टी ने राजनीति में एक नई रीत चला दी है। ऐसे-ऐसे लोग राजनीति में आगे आ रहे हैं जिनके बारे में जानने के लिए मीडिया वालों को गांवों में जाकर धक्के खाने पड़ रहे हैं। कौन हैं भजन लाल शर्मा? पिता जी क्या करते हैं? गांव में सडक़ भी है या नहीं? ऐसी कितनी जानकारियां जमा करनी पड़ रही हैं ताकि एक उम्दा सा लेख लिखा जा सके। सम्पादक ने मांगा है तो धुर देहात में जाकर धक्के तो खाने पड़ेंगे। पहला जमाना भला था। फारूक अब्दुल्ला कौन है? गूगल में जाएं और अब्दुल्ला पर दो किताबों की सामग्री मिल जाएगी। लेकिन लगता है अब भारत में राजनीति की नई पारी शुरू हुई है जिसमें राजवंश लडख़ड़ाने लगे हैं और आम आदमी जमने लगा है भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जीत प्राप्त कर ली है। यह अपने आप में अब कोई बडी खबर नहीं है। लेकिन बड़ी खबर तब बनी जब पार्टी ने इन तीनों राज्यों के लिए मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों का चयन किया। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, मध्यप्रदेश में मोहन यादव और राजस्थान में भजन लाल शर्मा मुख्यमंत्री बनाए गए। कहा जा रहा है कि जब राजनाथ सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री और हाल ही तक मुख्यमंत्री पद की सशक्त दावेदार वसुंधरा राजे के हाथ में एक पर्ची देते हुए कहा कि इसे पढ़ कर सुना दो ताकि पर्ची वाले को मुख्यमंत्री घोषित कर दिया जाए। पर्ची पढ़ते समय शायद वसुंधरा राजे को भी विश्वास नहीं हो रहा था कि भजन लाल शर्मा को पार्टी मुख्यमंत्री बना रही है। उनके चेहरे की रंगत से ऐसा ही आभास होता था। मुख्यमंत्री बने ये तीनों शख्स मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में शामिल भी नहीं थे। इस काम के लिए बुलाई गई बैठकों में भी वे पीछे की सफों में बैठे दिखाई दे रहे थे। राजस्थान में दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा को उप मुख्यमंत्री का जिम्मा दिया



गया। यह ठीक है कि दीया कुमारी का नाम मीडिया में मुख्यमंत्री के तौर पर चर्चा में रहा था, जिसका एक कारण उनका राज परिवार से ताल्लुक रखना भी था। लेकिन उसे उपमुख्यमंत्री होने का संतोष करना पड़ा। अलबत्ता प्रेम चंद किसी रेस में दूर दूर तक नहीं थे। राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देबड़ा मध्य प्रदेश में उप मुख्यमंत्री बने। छत्तीसगढ़ में अरुण साव और विजय शर्मा उप मुख्यमंत्री चुने गए। ये सब लोग कौन हैं और इससे भारत की राजनीति में परिवर्तन की दिशा कैसे दिखाई दे रही है? पिछले पचहत्तर साल से लोकतांत्रिक व्यवस्था के भीतर ही देश की राजनीति का अंक पैट्रन विकसित हो गया था। राजनीति में धीरे धीरे एक अभिजात्य वर्ग उभर आया था जो देश की राजसत्ता के शिखर पर बैठ गया था। इस प्रक्रिया ने स्वाभाविक ही वंशवाद को जन्म दिया था। इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री क्यों बनना चाहिए था? क्योंकि वह जवाहर लाल नेहरु की बेटी थीं। ध्यान रहे वह लाल बहादुर शास्त्री के मंत्रिमंडल में महज राज्यमंत्री थीं। लेकिन राजीव गांधी को प्रधानमंत्री क्यों बनना चाहिए था? क्योंकि वह इंदिरा गांधी के बेटे थे। प्रधानमंत्री बनने तक देश की राजनीति में उनका कोई स्थान नहीं था। वह एक पायलट थे। राजीव गांधी की हत्या के बाद प्रधानमंत्री कौन बने? गांधी-नेहरु राजपरिवार में उस समय कोई नहीं था। राजीव गांधी के बच्चे अभी छोटे थे। सोनिया गांधी बन नहीं सकती थीं। नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री तो बने, लेकिन पूरी कांग्रेस इस अप्रत्याशित घटना से भौंचक्की थी। संकट काल में मनमोहन सिंह को गद्दी पर बिठा कर कामचलाऊ व्यवस्था जरूर कर ली गई थी, लेकिन पूरी पार्टी इस बीच असहज ही रही। राहुल गांधी ने दो कैबिनेट द्वारा पारित एक अध्यादेश को सार्वजनिक रूप से फाड़ कर मनमोहन सिंह की वास्तविक स्थिति को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट कर दिया था। कांग्रेस में सहज स्थिति तब आई जब राजीव गांधी के दोनों बच्चे बड़े हो गए। तब स्वाभाविक ही उन्होंने गियर सम्भाल लिया। कहा जाता है, मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में यह सुझाव भी दिया गया था कि राहुल गांधी को मंत्रिपरिषद में लेकर शासन का कुछ अनुभव प्राप्त कर लेना चाहिए। लेकिन इसे भी राज परिवार में तौहीन की तरह ही देखा गया। वह भविष्य के प्रधानमंत्री हैं, किसी के अधीन मंत्री कैसे बन सकते हैं? भारतीय राजनीति की यह फेहरिस्त केवल नेहरु-गांधी राज परिवार तक ही सीमित नहीं है। राजनीति की यह आकाश बेल सब जगह दिखाई दे रही है। अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री क्यों बनना चाहिए? इसके उत्तर में अखिलेश की योग्यता या अयोग्यता की चर्चा नहीं होती। केवल एक ही योग्यता यह पद सम्भालने के लिए पर्याप्त है कि वह मुलायम सिंह जी के सुपुत्र हैं। फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के स्थायी मुख्यमंत्री का दावा किस आधार पर ठोंकते हैं? उनका एकमात्र आधार शेख मोहम्मद अब्दुल्ला के पुत्र-पौत्र होने का है। ममता बनर्जी ने सार्वजनिक रूप से घोषणा कर दी है कि उनका उत्तराधिकारी उनका भतीजा अभिषेक बनर्जी ही होगा। यही काम मायावती ने सार्वजनिक रूप से किया है। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। लालू यादव ने तो संकट काल में अपनी पत्नी राबड़ी देवी को ही मुख्यमंत्री बना दिया था जिसका राजनीति से कुछ लेना-देना नहीं था। जब किसी ने आपत्ति की तो लालू ने सहज भाव से ही जवाब दिया था कि अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री न बनाता तो भला किसकी पत्नी को बनाता? अब बच्चे सयाने हो गए हैं तो पारिवारिक परम्परा के अनुसार सभी को पुश्तैनी सम्पत्ति बांट कर खाली समय में आनंद के कनकौए उड़ा रहे हैं। बिटिया को उपहार में सांसदी दे दी है। दोनों बेटों को, जिनका पढने् इत्यादि में मन नहीं लगता था।, उन्हें उप मुख्यमंत्री बना दिया है। अपना कमाएं और खाएं। उधर झारखंड में शिबू सोरेन ने अपने बेटे हेमंत सोरेन को ताज पहना दिया है। सेहत थोड़ा गड़बड़ रहती है। पानी का बुलबुला है। जीते जी बेटे को कुंजी थमा दी है। यह करना बहुत जरूरी है। बुजुर्गवार ऐसे ही तो नहीं कह गए थे कि अपने जीते जी अपना राजपाट बेटे-बिटियों को बांट-बूंट दो, नहीं तो पीछे से नाहक लड़ेंगे और वंश की बदनामी होगी। मुम्बई वाले बाला साहिब ठाकरे यही धोखा खा गए थे।



## मुनिश्री संधानसागर जी महाराज ने किया केशलोंच

**एलोरा (विश्व परिवार)।** मुनि श्री जी ने करें केश लोंच परम पूज्य मुनि श्री 108 संधान सागर महाराज जी ने एलोरा गुरुकुल मे केश लोंच किये पूज्य श्री आचार्य श्री जी के साथ ही उसी दिन केश लोंच करते है आचार्य श्री जी ने आज डोंगरगढ़ मे केश लोंच किये।

# आठ कर्मो का करेंगे नाश 2024 में : मुनिश्री संधानसागर जी महाराज

**एलोरा ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, युवा तरूणाई के प्रखर वक्ता मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज ने कहा कि 2024 का योग आठ होता है जो आठों कर्मों के नाश हेतु प्रेरित कर रहा है। पूज्यवर ने कहा कि 2024 में कह रहा है कि 20 तीर्थंकर विद्यमान रहते हैं उनके चरणों में प्रमाण एवं 24 तीर्थंकर हमारे जीवन को तीर्थ बना दें। पूज्य मुनिश्री जी ने ईयर की सटीक व्याख्या में योग का प्रयोग (सदुपयोग) एन्जॉय का एन्जॉय में बदलो, एनेलेसिस करें तभी सुधार करना है एवं रियल टी को महसूस करें। वास्तविकता क्या है? जो आया है वह जाएगा यह वास्तविकता है, सारे संयोग वियोगमय है, जैसा करेंगे वैसा भरेंगे एवं यहां कोई किसी का नहीं एवं सुख-दुख, लाभ-हानि आदि सभी कर्म के अधीन है इसे ध्यान में रखें।

**कैसे करें उत्कर्ष 2024 वर्ष :** पूज्य मुनिश्री जी ने मध्यांह में कहा कि इस 2024 में वर्ष के उत्कर्ष के रूप में बनाना चाहते हो तो संघर्ष से डरना नहीं। संघर्ष के बिना उत्कर्ष नहीं। माटी से मंगल कलश, पाषाण से सोना एवं दूध से घी बिना संघर्ष के नहीं बन पाएगा। पूज्यश्री ने कहा जिन्दगी जीना आसान नहीं होता बिना संघर्ष कोई महान नहीं होता, जब तक न पड़े हथोड़े की चोट तब तक पत्थर भी भगवान नहीं होता। पूज्यवर ने इस नववर्ष को मुस्कुराते हुए जीने के लिए सूत्र दिया कि कल का दिन किसने देखा, आज का दिन भी खोये क्यों? जिन घड़ियों में हंस सकते हैं, उन घड़ियों में रोयें क्यों? मुनिश्री ने भवानी प्रसाद मिश्र की पंक्तियों की प्रासंगिक बताते हुए कहा कि कुछ पढ़ के सो कुछ लिख के सो जिस जगह सबेरा उससे आगे बढ़कर सो। **-विद्यावाणी संकलन**

## एलोरा में दो दिवसीय विधान धुमधाम से सम्पन्न

### 2023 की विदाई एवं 2024 के स्वागत में किया विधान, विश्व में शांति हो इस भावना से किया शांतिनाथ विधान

**एलोरा ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक युगल शिष्य मुनिश्री 108 दुर्लभसागर जी महाराज एवं मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज के पावन सान्निध्य में 31 दिसम्बर 2023 को पहाड़ पर स्थित मूलनायक चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान के चरणों में सामूहिक 1008 पार्श्वनाथ महामण्डल विधान किया गया, जिसमें समिति के पदाधिकारी एवं गुरूकूल के सभी बच्चों द्वारा क्षमा-याचना के साथ विधान किया गया। पूज्य मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज के मार्गदर्शन में वर्ष भर में हुई सस्त गलतियों की क्षमा याचना की गई। इसी प्रकार 01 जनवरी 2024 को गुरूकूल परिसर स्थित जिन मंदिर में 1008 श्री शांतिनाथ महामण्डल विधान किया गया। समाज के सभी स्त्री-पुरूषों एवं संभाजी नगर की महिला मण्डल तथा गुरूकूल के सभी बच्चों द्वारा भक्ति भाव से विधान किया। मुनिश्री संधानसागर जी महाराज के नेतृत्व में आजीवन अभक्ष्य वस्तुओं के त्याग वालों को ही सौधर्म इन्द्र, कुबेर, महायज्ञ्रायक बनाया गया। सप्त व्यवसन का सभी बच्चों ने आजीवन त्याग किया। नववर्ष पर अनेकों नियम भी ग्रहण किये।

## भिलाई नगर भारत गौरव रत्न से सम्मानित हुई सौभाग्यमती माता जी




**भिलाई नगर ( विश्व परिवार )।** नई दिल्ली भारत सरकार अधीन वित्त मंत्रालय विश्व मानव अधिकार सुरक्षा आयोग द्वारा जैन विदुषी आर्यका रत्न गणिनी सौभाग्यमति माताजी को विगत दिनों 6 दिसंबर को भारत रत्न गौरव श्री सम्मान धर्म क्षेत्र में मानव अधिकार हित हेतु विशेष कार्य हेतु आपको गौरव प्रदान किया गया।

जैन समाज के लिए सौभाग्य की बात है क्योंकि आर्यका गणनी सौभाग्यवती जी पद बिहार करती है।इसलिए यह सम्मान पुरस्कार लेने हेतु आप नई दिल्ली उपस्थित नहीं हो सकी किंतु वह दिन आज नए साल के प्रथम दिवस पर सम्मान पूरे जैन समाज की उपस्थिति में सौभाग्यमती माता जी को स्थानीय लोकप्रिय संसद सदस्य विजय बघेल जी द्वारा जैन भवन सेक्टर 6 के गरिमामय मांगलिक कार्यक्रम में पहुंचकर आर्यका संग की उपस्थिति और समाज के सानिध्य में श्री विजय बघेल के द्वारा भारत गौरव रत्न सम्मान प्रदान किया गया इस अवसर पर बघेल जी ने सम्मान माताजी को प्राप्त होने पर माता जी के प्रति विशेष वचन इस अवसर पर आपने बताया कि तप, त्याग, तपस्या, संयम अगर किसी ने भारत को दिया है तो वह जैन धर्म, जैन धर्म के साधु संत माताजी को प्राप्त सम्मान की ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई में पूरे लोकसभा क्षेत्र की तरफ से करता हूं।

इस अवसर पर विजय बघेल जी के द्वारा दुर्ग नगर माता भाजपा नेत्री श्रीमती सुनीता संजय बोहरा की माताजी समक्ष मति माताजी का दर्शन प्राप्त कर आशीर्वाद लिया और माताजी के साथ बिताए हुए क्षणों का स्मरण और यादें भी बताई और कहा आपके इस त्याग से हमारे दुर्ग शहर को जो गौरव अपने प्रदान किया है वह हमेशा जैन समाज ऋणी रहेगा इस अवसर पर स्थानीय पदाधिकारी द्वारा शाल श्रीफल से सांसद महोदय को सम्मानित किया गया सौभाग्यवती माताजी ने सांसद महोदय को आशीर्वाद स्वरुप उज्जवल भविष्य की मंगल कामना के साथ उच्च पद पर असिन होने का आशीर्वाद प्राप्त दिया। इस अवसर पर स्थानीय समाज के साथ-साथ भारी संख्या में उपस्थित थी। **-संजय बोहरा**

# साधु को शास्त्र भेंट नहीं दान दिया जाता है, भेंट और दान में अंतर होता है, विद्या उसी को प्राप्त होती है जो एकाग्र होता है, मंत्र का पाठ करने से कर्मों कि निर्जरा होती है : आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

**डोंगरगढ़ ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ससंघ चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में विराजमान है। आज के प्रवचन में आचार्य श्री ने कहा की अभी आपके सामने भिन्न-भिन्न व्यक्तियों द्वारा श्रीफल चढ़ाया गया। जनता बहुत सारी है सबको यह मौका नहीं मिल पाया। सभी को हाथ जोड़कर श्रीफल चढाने का सौभाग्य मिलता तो अच्छा होता। हम लोग भिन्न-भिन्न परंपरा तो चालू कर देते हैं लेकिन उसका अंत कैसे होगा ? शास्त्र भेंट नहीं होता, शास्त्र दान होता है। ये लोग अभी भेंट और दान में भी अंतर नहीं समझते। ये सब एक प्रकार से विद्वत जन देखते हैं और अध्ययन करते हैं फिर उसको प्रेषित करते हैं। जिन्होंने कुछ नहीं चढ़ाया और हाँथ को ही श्रीफल बना लिया और जिसकी पूजा चल रही है उसमे अपने भाव को समर्पित कर दिया। ध्यान करने से पूर्व में कई प्रकार कि मुद्रा हो सकती है। एक बार एक मुद्रा कि किताब पढ़ रहा था उसमे एक मुद्रा थी जिसको शांति मुद्रा कहते हैं। मन में शांति, देह में शांति और प्रत्येक जीव को शांति प्राप्त हो यह भावना रखी जाती है। हाँथ जोड़ने का अर्थ केवल भगवान के सामने जोड़ रहे ऐसा नहीं यह मुद्रा सबकी शांति के लिये भी होती है। परिस्थितियाँ बदलती रहती है कभी गर्मी, कभी सर्दी, कभी वर्षा, कभी अकाल-विभिन्न परिस्थितियाँ आती रहती है। एसी परिस्थितियों में विषमता, समता दोनों पलती रहती है। अब इनसे हम कैसे बचे सवाल ही नहीं होता ? स्वास लेने से प्राण वायु आ जाती है। वायु एक स्थान से दूसरे स्थान आती-जाती है, जहाँ खाली होता है वहाँ वायु चले जाती है। पाठ, स्तुति पाठ पढ़ते हैं उसमे श्रमणों के मुख से भी यही बात निकलती है कि घबराओ नहीं स्तिथि को हम सम्हाल सकते हैं। परिस्तिथि को हम व्यवस्थित कर सकते हैं। उन्होंने कहा विद्या उसी को प्राप्त होती है जो एकाग्र होता है। जो अनेक परिस्तिथियों में झुलता है उस व्यक्ति को विद्या प्राप्त नहीं होती है। एक स्तर पर आ जाओ तो विद्या जिसे प्राप्त है तो बैठे-बैठे वह गर्मी में भी शीतलता और ठंठ में भी गर्मी का अहसास करता है। विपरीतता में भी शांत रहता है। मन्त्र का पाठ करने से कर्मों कि निर्जरा होती है। जिसको मन्त्र में विश्वास होता है वह शांति और साहस के साथ इसका जाप करता है। बड़ी-बड़ी साधना करने वाले भी इसकी ओर जाते हैं। उस ओंकार के लिये जो पंच परमेष्ठी का प्रतिक है ओंकाराय नमो नमः। यह पंच परमेष्ठी का शार्ट फॉर्म है ओंकाराय नमो नमः। इतनी साधना करने वाले योगी लोग भी भगवान के शरण, चरण में उस पाठ का अर्थ, रहस्य सब कुछ प्राप्त करते रहते है। अच्छे-अच्छे सूर, वीर, धीर, गंभीर भी सब नतमस्तक होने लग जाते हैं। एक छोटा बालक भी भगवान के सामने घुटने टेक देता है तो उसके कर्मों कि निर्जरा हो जाती है। उसे विश्वास दिलाओ बस। भगवान को साक्षी बनाकर आप पूजन का मंगल अष्ट द्रव्य को समर्पित करते हैं देव और गुरु के सामने। जल भी आप चढाते हैं तो जो स्थान जलनशील है उसे भी वह मिटाने कि क्षमता रखता है। जल भाव से भरा और कलश जल से भरा है। संसार में कोई तन से दुखी तो कोई मन से दुखी है। जिसके पास जितना धन वह उतना ज्यादा दुखी है। जिसके पास धन कम है वह भी दुखी है। समता भाव रखना चाहिये, आप संतोषी बनो वही उत्तम है। जल में भी कर्मो कि निर्जरा करने कि शक्ति विद्यमान है इसके लिये आँखों का पानी भी पर्याप्त है। हर बात में मन, वचन और काय में औपचारिकता के कारण झूठ भी सफेद हो गया है। इसके कारण पाप बंध होता है। जिस प्रकार श्रावक भगवान कि पूजन में अष्ट मंगल द्रव्य चढाते हैं उसी प्रकार श्रमण भी गद-गद भाव से अष्ट मंगल द्रव्य चढाते हैं और अपने माथा को ही श्रीफल के रूप में चढाते हैं। हम क्यों मांगे, बिन मांगे ही सब कुछ उपलब्ध है। सिद्ध चक्र मंडल विधान में मांडना बनाने, हवन, धूप आदि विसर्जित करते है तो उसके माध्यम से हमारे असाता कर्म का उदय नष्ट होता है। मैना सुंदरी- मै न सुंदरी, यह सुन्दरता के कारण प्रसिद्ध नहीं हुई बल्कि इसने मुनि द्वारा बताये गए सिद्ध चक्र मंडल विधान को अष्टानहिका में अच्छे भाव से किया था और उसके गंदोधक को कोढियों के ऊपर छिड़कने से इनके पति के साथ-साथ 700 कोढियों का कुष्ठ रोग दूर हुआ था। मिताक्षरों के द्वारा हम भगवान कि, पंच परमेष्ठी कि पूजा करें, शांत भाव से भगवान कि भक्ति करते रहें। शार्ट में नहीं करें। आप अभी भगवान नहीं बने हो तो भगवान को याद करोगे तो भविष्य ठीक होगा।आज आचार्य श्री को नवधा भक्ति पूर्वक आहार कराने का सौभाग्य श्री मनोज जी जैन, सीमा जी जैन, विद्या श्री परिवार राजनंदगांव छत्तीसगढ़ निवासी को प्राप्त हुआ जिसके लिए चंद्रगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन,कोषाध्यक्ष सिंघई सुभाष चन्द जैन,महामंत्री श्री निर्मल जैन, मंत्री श्री चंद्रकांत जैन, कार्यकारी अध्यक्ष श्री विनोद बडजात्या, सिंघई निखिल जैन, सिंघई निशांत जैन, श्री मनोज जैन, प्रतिभास्थली के अध्यक्ष श्री प्रकाश जैन (पप्पू भैया), श्री सप्रेम जैन (संयुक्त मंत्री) ने बहुत बहुत बधाई और शुभकामनायें दी चंद्रगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष ने बताया कि आचार्य श्री ससंघ के सानिध्य में दिनांक 1 जनवरी 2024 को प्रात: 8 बजे 1008 श्री चन्द्र प्रभ भगवान का महा मस्तिकाभिषेक, शांति धारा, पूजन, आदि हर्षोलास के साथ किया गया। संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ससंघ के दर्शन के लिये उनके भक्त सम्पूर्ण भारत से एवं विदेशों से भी आ रहे है ज्यदातर छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, इम्फाल, यु.एस.ए. आदि जगहों से आ रहे है। यहाँ आने वाले भक्तों कि समुचित (आवास, भोजन आदि) व्यवस्था ट्रस्ट द्वारा कि गयी है। उक्त जानकारी चंद्रगिरी डोंगरगढ़ के ट्रस्टी **निशांत जैन ( निशु )** ने दी है।




## श्री जम्बूप्रसाद जी निर्विरोध तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए



**इंदौर ( विश्व परिवार )।** परमश्रेष्ठी, समाजसेवी बाऊजी श्री जम्बूप्रसाद जी जैन गाजियाबाद, तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए, जिसकी औपचारिक घोषणा दिनांक 27 जनवरी को होगी।

यह जानकारी दिगंबर जैन तीर्थ निर्देशिका के संपादक हसमुख जैन, गांधी द्वारा प्रदाय की गई।

## प्रशंसा मीठा जहर, मनुष्य की सबसे बड़ी कमजोरी : मुनिश्री सद्भाव सागर जी महाराज





**मदनगंज-किशनगढ़ ( विश्व परिवार )।** श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत के तत्वावधान में जैन भवन में आयोजित सम्यक ज्ञान बाल शिक्षण शिविर के दौरान मुनि सद्भाव सागर महाराज ने कहा कि प्रशंसा मीठा जहर है, प्रशंसा को पाने के लिए व्यक्ति कुछ भी कर सकता है। मनुष्य की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी प्रशंसा ही है। यदि इंसान को नीचे गिराना हो तो उसकी प्रशंसा कर दो। जैसे गुब्बारे में ज्यादा हवा भर दो तो गुब्बारा फूट जाता है वैसे ही अतिप्रशंसा से व्यक्ति फूल जाता है। मुनिश्री ने कहा कि सोना-चांदी धन-सम्पत्ति व ईर्ष्या छोड़ना बहुत कठिन है। किसी लेखक ने लिखा है कि हे परमात्मा मैं कांटों के पथ पर स्वयं बढ़ जाऊंगा। आप मुझे फूलों के पथ में चलने की शक्ति देना। ध्यान रखना जब व्यक्ति दुखी व परेशान होता है तो अपने आप सतर्क रहता है। जैसे ही सुखी होता है तो भगवान का नाम भी भूल जाता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की प्रशंसा, संपन्नता, अनुकूलता कभी-कभी उसके पतन का कारण हो जाती है। इसीलिए हे भव्य जीव निंदा और प्रशंसा दोनों में साम्य भाव, सहज भाव होना चाहिए। इससे पूर्व महावीर जिनालय में मुनि संघ के सान्निध्य में बच्चों को अभिषेक, पूजन कराई गई। प्रवचन के बाद में बच्चों ने मुनिश्री के आहार क्रिया में विशेष उत्साह दिखाते हुए नवदा भक्ति पूर्वक बच्चों ने नववर्ष के उपलक्ष में पडगाहन किया। शाम को 24 दीपको से आरती, णमोकार चालीसा पाठ एवं प्रश्न मंच किया। पंचायत अध्यक्ष विनोद पाटनी ने बताया कि शीतकालीन अवकाश होने पर आयोजित समय ज्ञान बाल शिक्षण शिविर में बच्चे काफी उत्साहित है। व बच्चे कड़ाके की ठंड में भी बिना ऊनी वस्त्र के, नंगे पैर मुनिश्री की आहार चर्या में साथ रहे। मुनिश्री ने कहा कि शिविर के दौरान बच्चों ने सब थ्योरिकल ही नहीं, बल्कि प्रैक्टिकल में भी सब कुछ सीखा। बच्चों ने अभिषेक, पूजन करना, आहारचर्या, केशलोचन आदि प्रैक्टिकल में भी देखा।

**मुनि संकल्प सागर महाराज ने किया केशलोचन :** सिटी रोड स्थित जैन भवन में विराजित मुनि संकल्प सागर महाराज ने सोमवार को प्रात: केशलोचन किया। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जैन भवन में एक शाम वीर प्रभु के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमे श्री वीर संगीत मंडल के सुरेंद्र दगड़ा, विमल पापल्या, कमल वेद, व कमल रावका एवं स्थानीय कलाकार बिंदिया छाबड़ा, अमित बगड़ा, नेहा जैन एवं आर्यन छाबड़ा द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए गए। **-संजय जैन**

## नैला जैन मंदिर परिसर में नववर्ष के प्रथम दिन भक्तामर पाठ के साथ 48 दीप प्रज्वलित किए गए व भिलाई में गूरू माँ सौभाग्यमती माताजी से मिला आशीर्वाद



**भिलाई ( विश्व परिवार )।** वर्ष 2024 का प्रथम दिन अविस्मरणीय यादगार बनाने के लिए गणिनी आर्यिका 105 सौभाग्य मति माता जी के ससंघ सानिध्य में सेक्टर-6 भिलाई में मंगल आशीर्वाद लेने दिगम्बर जैन समाज नैला के प्रतिनिधिगण जैन समाज नैला के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन की अगुवाई में भिलाई पहुंचे। जहां सभी ने प्रात:काल अभिषेक शांतिधारा, पूजन कर नववर्ष पर जैन समाज के सभी सदस्य पुण्य लाभ प्राप्त कर नववर्ष की शुरुआत की तथा शाम को भक्तामर पाठ में नूतन, निधि, नेहा, छबि, सारिका जैन, ईला जैन, सुमित जैन, धर्मचंद जैन, दिनेश कुमार जैन, रुपेश मोदी सहित सभी जैन बंधुओ ने दीपक प्रज्वलित कर नववर्ष में धर्म लाभ प्राप्त किया।

## नववर्ष के स्वागत के अवसर पर विद्यार्थियों ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शहर के कई मार्ग आज देशभक्ति के नारों और भारत मां के जयकारे से गुंजायमान हो उठे। स्कूली छात्रों ने नववर्ष का स्वागत पूरे देशप्रेम की भावना से भव्य तिरंगा यात्रा निकालकर किया।

विद्यार्थियों के मन में देशप्रेम की भावना से नववर्ष का स्वागत करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष छत्रपति शिवाजी स्कूल द्वारा एक जनवरी को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाती है। इसका मकसद होता है कि विद्यार्थी वर्ग अंग्रेजी नए साल का स्वागत भारतीय राष्ट्रध्वज, भारतीय सेना का सम्मान करते हुए तथा भारत को आजादी दिलाने वाले शहीदों का स्मरण करें। इस वर्ष यह भव्य तिरंगा यात्रा ठीक सुबह सात बजे श्री अंबा देवी मंदिर प्रांगण, सत्तीबाजार से प्रारंभ हुई।

इस अवसर पर अतिथियों वरिष्ठ समाजसेवी सच्चिदानंद उपासने व शिक्षाविद् आशुतोष सिंह( संचालक-होली हार्ट्स स्कूल) ने इस प्रकार की देशप्रेम का संदेश देने वाली यात्रा के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी और उनका उत्साहवर्धन किया। पश्चात् अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा वहां से आजाद चौक, तात्यापारा,फूलचौक, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, कोतवाली चौक, सदर बाजार होते हुए वापस अंबा देवी मंदिर में समाप्त हुई। कोतवाली चौक में हास्य योग केंद्र, गुढ़ियारी के संस्थापक मूलचंद शर्मा के साथ अनेक योगसाधकों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया।

यात्रा में स्कूल संचालक मुकेश शाह, प्राचार्या द्वय नफीसा रंगवाला व रशीदा फजली,मौली चटर्जी, निर्मला बिसेन, किरण साहू, पार्वती देवांगन, माया चौहान, फरजाना हुसैन समेत अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहीं।

## गुरुवर आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज के सन्निध्य में प्रभु प्रतिमा वेदी पर प्रतिष्ठित की गई, भक्तों में हर्ष की लहर उठी



**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** उदगांव में कुंजवन महोत्सव में उत्कृष्ट सिंहनिष्कीडित व्रतकर्ता-साधना महोदधि आचार्यश्री 108 गुरूवर्य प्रसन्न सागर जी महाराज के सन्निध्य में प्रभु प्रतिमा वेदी पर प्रतिष्ठित की गई। प्रभु प्रतिमा के विराजमान होने के अवसर पर भक्तों में हर्ष की लहर दौड़ गई। इसके साथ ही पूजा अर्चना और भक्ति की बाहर आ गई। कुंजवन महोत्सव में आज भगवान का सम्मेदशिखर कूट से मोक्षागमन हुआ।

वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव से पूर्व मंदिर जी में प्रतिदिन होने वाले दिव्य जाप अभिषेक, शांतिधारा के साथ नित्यपूजा और शांतिहवन करते लोग प्रभु भक्ति करते रहे। भगवान के मोक्षागमन के साथ ही सौधर्म इंद्र द्वारा गुणारोपण किया गया। इस दौरान मोक्ष कल्याणक पूजा में भक्तों ने भाग लिया, संगीत के साथ इस पूजा अर्चना के दौरान भक्तों ने झूम-झूम के अपने भावों को प्रकट किया। सौधर्म इंद्र ने गुणारोपण किया। अग्निकुमार द्वारा अंतिम संस्कार की क्रियाएं पूजा अर्चना के मध्यम से संपन्न हुई। इसके साथ ही गाजे बाजे के साथ भगवान को निवार्ण लाडू चढ़ाया गया। प्रभु के मोक्ष कल्याणक होने के साथ ही भक्तों में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस मौके पर उत्कृष्ट सिंहनिष्कीडित व्रतकर्ता-साधना महोदधि आचार्यश्री 108 गुरूवर्यप्रसन्न सागर जी महाराज ने संघ पूजा के साथ ही मंगल प्रवचन दिये, आचार्य श्री ने कहा कि मोक्षगमन का अर्थ संसार में बार-बार जन्म लेने से मुक्ति है, सिद्ध शिला पर विराजमान भगवान में इतने गुण होते हैं कि वह गुणों में ही बहते रहते हैं। गुणों में बहने के साथ ही वह उनके आनंद में खोने लगते हैं। इस आनंद को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस अवस्था में किसी भी तरह का कष्ट नहीं आता। आचार्य श्री के प्रवचन के साथ उनके आहार आदि कियाएं हुई। उसके बाद प्रारंभ हुआ विश्व शांति महायज्ञ के दौरान ही दशांश पूर्णाहूति, ध्वजाअवरोहण कार्यकम हुआ। समाज के श्रेष्ठिजनों ने ध्वजारोहण कर पुण्यलाभ उठाया। पुण्याहवाचन के साथ ही शांतिपाठ कर उसका विसर्जन किया गया। श्रीजी की रथयात्रा भी इस दौरान निकाली गई। रथ यात्रा में पीताम्बर वस्त्रों को धारण कर महिलाओं ने घटयात्रा निकाली। मीन लग्न के तुला, नवांश में भगवान विराजमान करने की कियाओं को पूर्ण किया गया। इसके साथ ही प्रभु का कलशारोहण की कियाओं में भक्तों ने जमकर भाग लिया। भक्तों के आनंद का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि इस दौरान भक्त झूमते रहे। संध्याकाल के समय आचार्य श्री प्रसन्न सागर महाराज के मंगल प्रवचन हुये एवं रात्रि के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची रही। एक जनवरी नववर्ष को भगवान का महामस्ताकाभिषेक हुआ। यह अपने आप में अनोखा अनूठा और यादगार हुआ कुंजवन महोत्सव की इन यादों को बीपीबी मीडिया ग्रुप आगरा द्वारा बहुत ही मेहनत के साथ संजोया गया गया है। उनके संयोजन के सृजन से भी भक्तों का जल्दी ही साक्षात्कार होगा। यहां उल्लेखनीय है कि यह सभीकार्यकम आयोजक श्री ब्रहम्नाथ पुरातन दिगंबर जैन मंदिर टस्ट कुंजवन उदगांव रहा। बीपीबी मीडिया ग्रुप द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं को भी समाज के लोगों ने सराह है। समाज के लोगों का कहना है कि ऐसे निष्ठावान युवकों ने धर्म के इस कार्यक्रम को लोगों के लिए सहज व सुगम बना दिया है। बीपीबी मीडिया टीम के सदस्य कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। किसी भी तरह की कोई परेशानी लोगों को नहीं होने दी जा रही है। ऐसी जानकारी औरंगाबाद के नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल ने दी।

**-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

पत्र क्र./8009/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2023
रायपुर, दिनांक 01-01-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 8009
वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L0489E** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VASU DEV PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHIMJI BHAI PATEL** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **KAVITA PANDEAY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PREM KRISHNA PANDEY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-

**नेतराम चंद्राकर**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-1**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## संक्षिप्त समाचार

### कोहरे के चलते कार पेड़ से टकराई, एक की मौत

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** जिले में तड़के हुए एक सड़क हादसे में कांग्रेस नेता की मौत हो गई है। कांग्रेस पार्षद गंगाराम रवि अपने परिवार के साथ जशपुर की ओर जा रहे थे. तभी घने कोहरे की वजह से अनंत्रित होकर कार पड़े से टकरा गई. इस हादसे में पार्षद की मौत हो गई, जबकि कार में सवार पत्नी समेत तीन लोग घायल हो गए हैं. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह मामला बगीचा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, बिश्रामपुर नगर पंचायत पार्षद कांग्रेस नेता गंगाराम रवि की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है. वह वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद थे. गंगाराम रवि अपने परिवार के साथ जशपुर की ओर जा रहे थे. इस दौरान घने कोहरे की वजह से बगीचा के पास अनंत्रित होकर कार पड़े से जा टकराई. जिसके कारण पार्षद की मौत हो गई है. वहीं पत्नी सहित तीन लोग घायल हैं,जिनका इलाज अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

### संचालिका के साथ पूरी दुकान जलकर राखा

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** नेलसनार गांव से इंद्रावती नदी जाने के रास्ते पर स्थित एक दुकान में की संचालिका की संदिग्ध अवस्था में जली हुई लाश मिली है। वहीं दुकान भी पूरी तरह से खाक हो गया है। महिला ने आत्महत्या की है अथवा किसी साजिश का शिकार हुई है? पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, भैरमगढ़ ब्लॉक के नेलेसनार थाना क्षेत्र में आगजनी की एक घटना में एक महिला जिंदा जल गई. घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। मृतका की शिनाख्त सेवंती शिवहरे के रूप में हुई है। मृतका इंद्रावती नदी से सटे गांव में छोटी सी किराना दुकान की संचालिका बताई गई है।आगजनी की घटना महिला की दुकान में हुई, इस दौरान उसकी जलकर मौत हो गई। हादसे के वक्त कोई वहां मौजूद था? आग कैसे लगी? चूंकि आगजनी में दुकान जलकर खाक हो गई, लिहाजा पुलिस भी इसे एक बड़ा हादसा मान रही है। हादसे की वजह जानने पुलिस हर एंगल से इसकी जांच कर रही है। हादसा या हत्या, इसके मद्देनजर पुलिस के लिए मामला काफी जटिल बना हुआ है।

### महीनों से फरार बलात्कार का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा के वनांचल इलाके पसान से पुलिस से एक फरार बलात्कार का आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रार्थिया 7 अक्टूबर को थाना पसान में रिपोर्ट दर्ज कराई की आरोपी रतन नेताम पिता स्वर्गीय सुमेर सिंह नेताम उम्र 27 वर्ष ग्राम अडसरा थाना पसान का रहने वाला है जो लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व पीड़िता को बम्हनी नदी किनारे ले जाकर जबरन बलात्कार किया है, पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना पसान में अपराध क्र. 100/2023 धारा 376 (2) (ढ) भादवी कायम कर विवेचना में लिया गया था जो आरोपी घटना दिनांक से गिरफ्तारी से बचने लुक छिप रहा था जिसे 30 दिसम्बर को पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेंद्र शुक्ला के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा में मार्गदर्शन तथा एस डी ओ पी कटघोरा पंकज ठाकुर के पर्यवेक्षण में आरोपी की धरपकड़ हेतु थाना प्रभारी पसान नवल साव को सख्त निर्देश प्राप्त हुआ था जिसपर वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देश के परिपालन में थाना प्रभारी पसान नवल साव द्वारा अपने हमराह स्टाफ आर क्र 894 विद्या सिदार ,श्याम सिदार , मनोज कश्यप के साथ आरोपी के गाँव अडसरा में दबिश देकर आरोपी रतन नेताम पिता स्वर्गीय सुमेर सिंह नेताम को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय कटघोरा पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कराया गया।

### नौकरी लगाने के नाम पर 13 युवकों से लाखों की ठगी आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** नौकरी लगने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी ने 13 बेरोजगारों से 54 लाख 70 हजार रुपये की ठगी की थी. आरोपी डॉक्टर चंद्र प्रकाश प्रधान बरबसपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कोरबा का रहने वाला है. दरअसल चकरभाठा क्षेत्र में रहने वाले रुद्र कुमार कौशिक और 12 अन्य लोगों को कोरबा निवासी डॉक्टर चंद्र प्रकाश प्रधान ने एफ सीआई और फारेस्ट गार्ड की नौकरी लागाने का झांसा दिया और उनसे 54 लाख 70 हजार रुपये वसूल लिए थे. नौकरी नहीं लगने पर पीड़ितों ने पैसे की मांग की, तो डॉ. प्रधान उन्हें टालते रहे. ऐसे में पीड़ितों ने 27 अगस्त 2023 को चकरभाठा थाना पहुंच नौकरी लागाने का झांसा देकर लाखों रुपये वसूलने वाले डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई. इसके बाद पुलिस आरोपी डॉक्टर की पतासाजी कर रही थी. शुक्रवार को वो चकरमाठा मार्केट आया, तो सूचना मिलने पर चकरमाठा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. आरोपी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 34 भादवि के तहत कार्रवाई कर रही है.

## हाथों के हुनर की प्रशंसा के साथ अच्छी क़ीमत भी मिलती : कलेक्टर एल्मा

### अलसी की खेती और कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने कृषि विश्वविद्यालय रायपुर मदद कर रहा है।



**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** अलसी डंठल के रेशे से कपड़ा बनाना। सुनने में अजीब लगता है। पर बेमेतरा में यह होने वाला है। रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र बेमेतरा में लिनेन फ्राम लिनसीड स्टाक के प्रयोगशाला भवन मे अलसी के अपशिष्ट के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की आजीविका वृद्धि परियोजना अंतर्गत 20 महिलाओं का अलसी के धागा का बुनाई पर 40 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। ये महिलायें अलसी के डंठल के रेशे से लिनेन की क्वालिटी का कपड़ा बनायेंगी इस रेशे से बने कपड़े की क्वालिटी अच्छी होने के कारण इसकी डिमांड भी अच्छी है। अलसी की खेती और कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने कृषि विश्वविद्यालय रायपुर मदद कर रहा है। कलेक्टर पी.एस.एल्मा शुक्रवार को कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र पहुँचे। लिनेन फ्राम लिनसीड स्टाक के प्रयोगशाला भवन का भ्रमण किया और प्रशिक्षित महिलाओं बातचीत की। महिलाओं ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताया। कलेक्टर ने कहा कि हाथों के हुनर की प्रशंसा के साथ अच्छी क़ीमत भी मिलती है। इसलिए प्रशिक्षण में जा बताया जाये ।उसे अच्छे से सीखें ।यह आपकी आय और तरक़्क़ी का रास्ता खुलेगा ।उन्होंने कहा कि अलसी के डंठल से कपडा शोभर एवं अच्छा आकर्षित दिखता है। साथ ही प्रशिक्षित महिलाओं को प्रोत्साहित किया। एल्मा ने महिलाओं से अलसी के रेशे से कपड़ा बनाने की पूरी प्रक्रिया पूछी।।उन्होंने कहा कि इस काम को अपना कर वे अपनी आर्थिक परिस्थिति को सुधार सकते है। कलेक्टर एल्मा ने महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिये। अधिष्ठाता डॉ. आर.एन. सिंह महिलाओं को संबोधित करते हुये कहा कि ग्रामीण महिलाये घर में कार्य करते हुये अपनी आजीविका के आय में वृद्धि कर सकते है। साथ ही महिलाओं को अच्छे कार्य के लिये प्रेरित किया। ज़िला प्रशासन ने खनिज निधि से ग्रामीण महिलायों को धागा बनाने एवं कपडा बनाने के लिये महिलाओ को प्रशिक्षित करने राशि स्वीकृत की है। डॉ. के.पी.वर्मा नोडल अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षित महिलायें शुरुआत में 3 से 4 हज़ार रुपये प्रति माह अपने घरेलु कार्य कर के भी कमा सकती है। अपने जीवन स्तर को खुशहाल बना सकती है। प्रत्येक महिलायें हर दिन लगभग 10 मीटर कपडा बना सकती हैं, जिससे 300-400 रुपये प्रति दिन कमा सकती है। इन महिलाओं को लगभग छह महीने और सीखने की जरुरत हैं। जिससे धागा बनाने वाली व कपडा बनाने वाले प्रशिक्षित महिलायें की क्षमता में वृद्धि हो सकें। धागा निर्माण करके लगभग 250 ग्राम से 300 ग्राम उच्च गुणवत्ता धागा कर निर्माण कर लगभग 250-300 रुपए प्रतिदिन घर में कार्य करते हुये कमा सकता है।

## सांसद मोहन मंडावी ने रचा इतिहास : बने देश के पहले ऐसे सांसद जिन्होंने बांटा 48 हजार रामायण

### जनोजात को जोड़ना सांसद मोहन का उद्देश्य



**कांकेर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी को पूरा देश रामायनी सांसद के नाम से जानता हैं। वें बचपन से धर्म का प्रचार कर रहे है। अब धार्मिक क्षेत्र में सांसद मोहन मंडावी ने इतिहास रच दिया है। वें अब देश के ऐसे पहले सांसद बन गए है जिन्होंने 48000 रामायण की प्रतियां बांटी हैं। देश में उनकी काफ़ी अलग छवि हैं। वें धर्म और विकास को लेकर चलते हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन प्रभु श्री राम के सेवा में न्यौछावर कर दिया है। आपकों बता दें रामभक्त सांसद मोहन मंडावी अब 51000 रामायण बांटने के लक्ष्य को लेकर चल रहे हैं। सांसद मोहन ग्रामीणों के आमंत्रण में उनके गांव पहुंच कर रामसत्ता कार्यक्रम में शामिल होते है और वहां रामायण के प्रतियां बांटकर प्रभु श्री राम को अपने जीवन का आदर्श मानकर उनके गुणों का अनुसरण करने का आग्रह करते है। वें ग्रामीणों को हिंदू धर्म और संस्कृति का महत्व समझाते है। सांसद मोहन का उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर जन-जन को प्रभु श्री राम से जोड़ना है। रामभक्त सांसद मोहन मंडावी रामायण को केंद्र में रखकर समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे अंधविश्वास ,छुवाछुत , नशा और निरक्षरता के बारे में विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से जनमानस को जागरूक करते हैं। सांसद मोहन मंडावी अपनी बातों को रामचरित मानस के चौपाई के माध्यम से कहते हैं। वें सदन में भी हर मुद्दों और विकास कार्यों की मांग रामचरित मानस के चौपाइयों के माध्यम से करते हैं। सांसद मोहन गांवों दौरा कर महिला - पुरुष मानस मंडली का गठन करवाते हैं। छत्तीसगढ़,मध्यप्रदेश और उड़ीसा में लगभग हर गांव में उनकी रामायण मंडली हैं। हर साल इन मंडलियों द्वारा गांवों में रामायण मानसगान सम्मेलन और प्रतियोगिता आयोजित किया जाता है। जिसमें सांसद मोहन मंडावी मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचते हैं। सांसद मोहन मंडावी जमीन से जुड़े हुए नेता है। वो नरेंद्र मोदी को आदर्श मानकर स्वच्छ राजनिति करते हैं। जमीन से जुड़े होने कारण वें बेहद लोकप्रिय हैं। अक्सर उनके रामायण में हारमोनियम और तबला बजाते हुए गायन का विडियो वायरल होता है।

## अवैध परिवहन मामले में 20 क्विंटल धान जब्त

### पीकअप के साथ धान 51 बोरी वजनी 20 क्विंटल किया गया जप्त

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले के कोरबी चौकी पुलिस ने सूचना पर अन्य जिले से लाकर धान खपाने का प्रयास कर रहे एक वाहन चालक को पकड़कर उसके पास से 20 क्विंटल धान जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेन्द्र शुक्ला के द्वारा अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही कर रोक लगाने के निर्देश प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में नजर रखी जा रही है। इसी दौरान रविवार को चौकी प्रभारी कोरबी अफसर खान को सूचना मिली कि एक व्यक्ति बज्रपुरी से कोरबी लाकर धान खपाने का प्रयास कर रहा है। सूचना प्राप्त होने पर कोरबी चौकी के द्वारा घेराबंदी कर पीकअप वाहन कमांक सीजी 16 ए 1788 में लोड धान 51 बोरी वजनी 20 क्विंटल वाहन स्वामी चालक राकेश कुमार चक्रधारी निवासी ग्राम बचरा चौकी बचरा पोडी थाना खण्डगवां जिला एमसीबी छग से जप्त किया गया है। वाहन स्वामी चालक द्वारा उक्त धान के परिवहन संबंधी कोई कागजात नही होना बताया गया। वर्तमान में शासन द्वारा किसानों से ऋय किया जा रहा है। संभवतः उक्त धान को अनावेदक द्वारा अफरा-तफरी करने के उद्देश्य से ग्राम बचरा से कोरबी लाकर खपाया जाना प्रतीत होता है। जिस पर धारा 102 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत जप्त किया गया।

## दुकान के साथ जिंदा जली महिला, इलाके में फैली दहशत, जांच में जुटी पुलिस

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** जिले में एक महिला के जिंदा जलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां नेलसनार गांव से इंद्रावती नदी जाने के रास्ते में स्थित एक दुकान में संचालिका की जली हुई लाश मिली है. वहीं दुकान भी पूरी तरह से खाक हो गया है. हादसे से इलाके में दहशत फैल गया है. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. महिला की मौत हादसा है या हत्या पुलिस इसकी हर एंगल से जांच कर रही है. जानकारी के अनुसार, भैरमगढ़ ब्लॉक के नेलेसनार थाना क्षेत्र में आगजनी की एक घटना में एक महिला जिंदा जल गई. घटना शुक्रवार की बताई जा रही है. मृतका की शिनाख्त सेवंती शिवहरे के रूप में हुई है. मृतका इंद्रावती नदी से सटे गांव में छोटी सी किराना दुकान की संचालिका बताई गई है. आगजनी की घटना महिला के दुकान में हुई. इस दौरान उसकी जलकर मौत हो गई. हादसे के वक्त कोई वहां मौजूद था? आग कैसे लगी? चूंकि आगजनी में दुकान जलकर खाक हो गया, लिहाजा पुलिस भी इसे एक बड़ा हादसा मान रही है. हादसे की वजह जानने पुलिस हर एंगल से इसकी जांच कर रही है. हादसा या हत्या, इसके मद्देनजर पुलिस के लिए मामला काफी जटिल बना हुआ है, बहरहाल पूछताछ के अलावा घटना से जुड़े तमाम सुराग जुटाए जा रहे हैं.

## उद्योगों को देंगे बढ़ावा, श्रमिक हित में किया जाएगा कार्य- लखन




**कोरबा(विश्व परिवार)।** आखिरकार प्रदेश में मंत्रियों के विभाग बटवारे को लेकर एक पखवाड़े से चल रहा इंतजार खत्म हुआ। शुक्रवार की शाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रियों का विभाग सुनिश्चित कर दिया। मंत्रियों के विभाग बटवारे में कोरबा विधायक लखन लाल देवांगन को भी वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री जैसे महत्वपूर्ण विभाग मिले हैं। वाणिज्य, उद्योग एवम श्रम मंत्री बनने के बाद मंत्री लखन लाल देवांगन मीडिया से रूबरू हुवे और मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते कहा की अभी मंत्री पद मिला है, रायपुर जाकर अधिकारियों से चर्चा और समीक्षा कर प्रदेश में कितने उद्योग चल रहे हैं, उसमे कितने श्रमिक है इसकी जानकारी लेंगे उसके बाद श्रमिकों के हित में काम करेंगे, छग में नए उद्योग लगे और बेरोजगारों को नौकरी मिले इस दिशा में कार्य किया जाएगा। मंत्री लखन लाल देवांगन ने आगे कहा की उद्योगों से मिलने वाले बैत् मद की भी जानकारी लेंगे की कितना पैसा आता है कितना खर्च होता है और यदि बैत् मद की राशि में भ्रष्टाचार हुआ होगा तो उस पर कार्रवाई भी करेंगे। श्रमिकों के समस्याओं को ध्यान में रखकर उनके हित में किस तरह कार्य किया जाएगा इस सवाल के जवाब में मंत्री लखन देवांगन ने कहा की श्रमिकों की जो भी समस्याएं है उनके निदान की दिशा में काम किया जाएगा। श्रमिकों को शासकीय दर के हिसाब से वेतन मिले उसमे कोई कटौती न की जाए इस और हमारा फोकस रहेगा और यदि कोई मजदूरों का शोषण करेगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई भी होगी।

## पीएम जनमन योजना का लाभ देने बिरहोर परिवारों तक पहुंच रहा प्रशासन



**रायगढ़(विश्व परिवार)।** प्रधान मंत्री जनमन योजना का लाभ देने प्रशासन जिले में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर परिवारों तक पहुंच रहा है। उन्हें आवास, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र जैसी बुनियादी सुविधाओं सहित शासन की अन्य सभी योजनाओं से शत प्रतिशत जोडने् की पहल चल रही है। इसके लिए रायगढ़ जिले के सभी बिरहोर बहुल गांवों को चिन्हांकित कर वहां प्रशासन की संयुक्त टीम सर्वे अभियान चला रही है। सीईओ जिला पंचायत श्री जितेंदर यादव तमनार ब्लॉक के हिंगझीर, कचकोबा और कोडकेल के निरीक्षण में पहुंचे। यहां पीएम जनमन योजना के शिविर लगाए गए हैं। सीईओ श्री यादव ने यहां योजना के क्रियान्वयन की स्थिति जानी। पंचायत स्टाफ द्वारा बताया गया कि इन गांवों में बिरहोर समुदाय के 48 परिवार के 158 व्यक्ति निवासरत हैं। आवास योजना के तहत 19 हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया है। बाकी शेष परिवारों को आवास योजना का लाभ दिया जा चुका है। सीईओ श्री यादव ने चिन्हांकित लोगों के आवास से जुड़ी प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। वहीं यहां राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और जाति प्रमाण पत्र निर्माण की भी समीक्षा की। सभी पंचायतों में इसके लिए कैंप लग रहे हैं और ऐसे बिरहोर व्यक्ति जो इन योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं उन्हें योजना का लाभ देने के लिए प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## आबकारी विभाग ने तीन प्रकरण में जब्त किया 61 .5 लीटर कच्ची शराब एवं 1500 किलोग्राम महुआ लाहान

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर बिलासपुर अवनीश कुमार शरण के निर्देश तथा सहायक आयुक्त आबकारी जिला बिलासपुर दिनकर वासनिक के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा नववर्ष को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 31 दिसंबर 23 को तखतपुर क्षेत्र में अवैध शराब विक्रेताओं पर कार्यवाही की गई तथा उनके पास से 61.5 लीटर कच्ची शराब एवं 1500 किलोग्राम महुआ लाहान जब्त किया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने श्रीराम पिता मालिकराम लोनिया निवासी करहिपारा निरतु थाना कोनी से गिरफ्तार कर 9 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। वहीं जानकी पति रामस्नेही लोनिया निवासी करहिपारा थाना कोनी को गिरफ्तार कर उसके पास से 7.5 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत धारा 34(1)(क) 34(2) 59(क) के अंतर्गत अपराध दर्ज कर जेल भेजा गया है। वही एक अन्य मामले में ग्राम गनियारी थाना कोटा तालाब के किनारे 45 लीटर महुआ शराब एवं 100 डिब्बों में भरा कुल 1500 किलोग्राम महुआ लाहान कच्ची शराब उतारने योग्य जब्त किया गया। मौके से किसी की गिरफ्तारी नही हो पाई है जिसके चलते अज्ञात अरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है।

## व्यापार समाचार

### साइबर सिक्योरिटी इंडस्ट्री में 2023 में निकाले गए हजारों कर्मचारी

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** 2024 में टेक कंपनियों में छंटनी बेरोकटोक जारी रहने वाली है। साइबर सिक्योरिटी इंडस्ट्री नुकसान से उबर नहीं रही और 110 से ज्यादा साइबर सिक्योरिटी कंपनी ने 2023 में हजारों कर्मचारियों को निकाल दिया। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, एक समय बड़े पैमाने पर अछूते रहे साइबर हमलों और डेटा उल्लंघनों की बढ़ती संख्या के बावजूद इस साल साइबर सुरक्षा क्षेत्र में नौकरियां प्रभावित हुईं। टेक इंडस्ट्री में पिछले 12 महीनों में 260,000 से अधिक नौकरियां खत्म हो गई हैं, 2022 की तुलना में भारी वृद्धि हुई है, जिसमें 1,061 टेक कंपनियों ने 164,769 कर्मचारियों की छंटनी की है। रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी में, यूके स्थित साइबर-सुरक्षा कंपनी सोफोस ने अपने वैश्विक कार्यबल के 10 प्रतिशत या लगभग 450 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। सोफोस ने नौकरी में कटौती के लिए चुनौतीपूर्ण और अनिश्चित माहौल को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि वह सोफोस की दीर्घकालिक सफलता का समर्थन करने के लिए विकास और मुनाफे के लिए यह कदम उठा रहा है। साइबर सुरक्षा फर्म बिशप फॉक्स ने मई में लगभग 50 कर्मचारियों, या अपने कार्यबल के 13 प्रतिशत को यह कहते हुए निकाल दिया कि उन्होंने वैश्विक आर्थिक स्थिति और व्यवसाय को अधिक कुशल बनाने के लिए पहचाने गए अवसरों के जवाब में सक्रिय रूप से ये बदलाव किए हैं। यूके की साइबर सुरक्षा कंपनी एनसीसी ग्रुप ने अगस्त में पुष्टि की थी, कि वह अपने कर्मचारियों की संख्या में और कटौती कर रहा है, इसके कुछ महीने बाद उन्होंने 7 प्रतिशत कर्मचारियों, यानी 125 कर्मचारियों को निकाल दिया था। एनसीसी ने कहा कि वह बाजार की बदलती गतिशीलता और ग्राहकों की मांग के जवाब में कर्मचारियों की एक छोटी संख्या को हटा रही है। अमेरिकी साइबर सुरक्षा फर्म रैपिड7 ने भी अपने 18 प्रतिशत कार्यबल को हटाने की योजना की घोषणा की, जिससे 400 से अधिक कर्मचारी प्रभावित होंगे। बग बाउंटी दिग्गज हैकरवन ने भी नौकरी में कटौती करने का फैसला लिया है। यूएस-आधारित स्टार्टअप ने घोषणा की कि वह अपने कार्यबल का 12 प्रतिशत यानी लगभग 50 कर्मचारियों को कम कर रहा है। मैलवेयरबाइट्स ने 100 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। साइबर-सुरक्षा स्टार्टअप आयरननेट ने भी अपने बाकी सभी कर्मचारियों को निकाल दिया, इसकी वजह कंपनी का अक्टूबर में अपना परिचालन बंद करने की तैयारी करन था।

### 620 .44 अरब डॉलर पहुंचा कुल विदेशी मुद्रा भंडार

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** रिजर्व बैंक द्वारा जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार तीसरे सप्ताह वृद्धि जारी रही। 22 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में इसमें 4.471 बिलियन अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई, जिससे कुल मुद्रा भंडार 620.441 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में, किटी 9.112 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 615.971 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई थी, जिससे वृद्धि की मात्रा एक सप्ताह में सबसे अधिक हो गई। इससे पहले सप्ताह में, कुल भंडार 2.816 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 606.859 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया था। अक्टूबर 2021 में, विदेशी मुद्रा भंडार 645 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। जो इस हफ्ते के 620 बिलियन अमेरिकी डॉलर से केवल 25 बिलियन अमेरिकी डॉलर दूर है। पिछले साल से वैश्विक विकास के कारण दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की रक्षा के लिए पूंजी भंडार को तैनात कर दिया, जिससे भंडार प्रभावित हुआ। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, इस साल अब तक विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 57.634 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। रिज़र्व बैंक डाटा के अनुसार, 22 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियों (एफसीए) में 4.69 अरब डालर की वृद्धि हुई है। अब कुल एफसीए बढ़कर 549.747 अरब डालर हो गया है। हालांकि, इस दौरान स्वर्ण भंडार में करीब 10.7 करोड़ डालर की कमी रही है और यह घटकर 47.47 अरब डालर हो गया है। डाटा के अनुसार, पूरे 2023 के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में 57.634 अरब डालर की बढ़ोतरी हुई है। बता दें कि अक्टूबर 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डालर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

### स्विगी की हाउ इंडिया स्विगीड 2023 रिपोर्ट में जारी

**नईदिल्ली।** भारत के लोकप्रिय ऑन-डिमांड कन्विनिएंस प्लेटफॉर्म, स्विगी की वार्षिक रिपोर्ट हाउ इंडिया स्विगीड 2023 में खाने-पीने के मामले में रायपुर के लोगों की पसंद का खुलासा हुआ। इस रिपोर्ट में रायपुर में खाने-पीने की पसंद और सुविधा के लिए बढ़ते रुझान के बारे में बताया गया। स्विगी इस शहर में सालों से लोगों का पसंदीदा फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म है। रायपुर अपनी खाने-पीने की विविध पसंद और ऑर्डर करने की सुविधाजनक आदतों के लिए मशहूर है। शहर के सर्वोच्च रुझान: 2023 में स्विगी पर एक ही बार में दिया जाने वाला सबसे ज्यादा खाने का बिल 12,485 रु. का था। रायपुर में होटल हैदराबादी, होटल अल-ताहा, पिज्जा हट, अशोका बिरयानी, केएफसी सर्वोच्च पाँच रेस्टोरेंट के रूप में उभरे, जिससे शहर में भोजन प्रेमियों के बीच उनकी लोकप्रियता प्रदर्शित होती है। स्विगी पर 2023 में रायपुर ने क्या ऑर्डर किया रायपुर की पसंद मिश्रित रही। शहर में सबसे ज़्यादा ऑर्डर किए जाने वाले सर्वोच्च 5 व्यंजन हैं: ज़ चिकन बिरयानी ज़ वेज पिज्जा ज़ मसाला डोसा ज़ वेज बिरयानी ज़ चिकन फ्राइड राइस छोले भटूरे स्थानीय पसंद के रूप में उभरे, जबकि सर्वोच्च 5 स्नैक्स में हॉट चिकन विंग्स, समोसा और चिकन पॉपकॉर्न शामिल हैं। शहर की सर्वोच्च मिठाइयों में चोको लावा केक, गुलाब जामुन, रबड़ी, रसमलाई, मूंग दाल हलवा सबसे ज़्यादा पसंद में रहे। इन रुझानों के बारे में स्विगी के वीपी, नेशनल बिज़नेस हेड, सिद्धार्थ भाकू ने कहा, ऋस्विगी ऑर्डरों में अपने पारंपरिक व्यंजनों के साथ-साथ अन्य विविध व्यंजनों के लिए रायपुर का प्यार दिखाई देता है। स्विगी को शहर के भोजनप्रेमियों के लिए एक लोकप्रिय कन्विनिएंस प्लेटफॉर्म बनने पर गर्व है।

# महिला क्रिकेट : ऑस्ट्रेलिया ने 3 रन से रोमांचक जीत दर्ज की



**मुंबई( एजेंसी ) ।** खेले गए ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा के अर्धशतक के बाद ऋचा घोष ने 117 गेंदों में 96 रनों की पारी खेली, लेकिन उनके प्रयास बेकार गए, क्योंकि भारतीय महिलाएं रोमांचक दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया की महिलाओं से तीन रन से हार गईं। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने खिताब अपने नाम कर लिया और तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बना ली। दीप्ति शर्मा ने 5-38 का दावा किया, लेकिन भारत की महिला खिलाड़ियों ने कई कैच छोड़े और सलामी बल्लेबाज फोएबे लीचफील्ड (63) और एलिसे पेरी (50) के अर्द्धशतक ने ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को वानखेड़े स्टेडियम में 50 ओवरों में 258/8 तक पहुंचने में मदद की। ऑस्ट्रेलिया के टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद भारत मजबूत स्थिति से पिछड़ते हुए 50 ओवरों में 255/8 रन ही बना सका। स्मृति मंधाना, जिन्होंने क्षेत्ररक्षण के दौरान कुछ कैच छोड़े थे, ने 38 गेंदों में 34 रन बनाकर भारत को अच्छी शुरुआत दी। पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलिया महिलाओं के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाली ऋचा घोष ने 74 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। सिलीगुड़ी के 20 वर्षीय खिलाड़ी ने जेमिमा रोड्रिग्स (44) के साथ 88 रन की साझेदारी करके स्कोर 159/2 तक पहुंचाया। इस मैच में दोनों टीमों ने कई कैच छोड़े, फोबे लीचफील्ड ने लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम की गेंद पर शॉर्ट एक्स्ट्रा कवर पर एक शानदार कैच लपका, जिसने ऑफ-स्टंप पर एक डिलीवरी फेंकी और जेमिमा ने इनसाइड-आउट शॉट का प्रयास किया। भारत ने हरमनप्रीत कौर (5) और अमनजोत कौर (4) के रूप में दो विकेट जल्दी खो दिए, जो क्रमशः वेयरहैम और एनाबेल सदरलैंड के हाथों आउट हो गईं। भारत को जब 18 गेंदों में 22 रनों की जरूरत थी, सदरलैंड और एशले गार्डनर ने दो शानदार ओवर फेंके, दोनों ने 48वें और 49वें ओवर में तीन रन दिए और एक-एक विकेट लिया। मैच की आखिरी छह गेंदों पर भारत को 16 रनों की जरूरत थी और दीप्ति शर्मा ने पहली गेंद पर सदरलैंड को चौका लगाकर शुरुआत की, लेकिन अगली गेंद पर केवल एक रन ही बना सकीं। ताहिला मैक्ग्रा ने श्रेयंका पाटिल को गिरा दिया, क्योंकि वह एक रन के लिए दौड़ पड़ीं।

## कंटेंट मॉडरेशन कानून से बच नहीं सकता एक्स : अमेरिकी जज




**सैन फ्रांसिस्को( एजेंसी )।** अमेरिका में जज ने फैसला सुनाया है कि एलन मस्क द्वारा संचालित एक्स कैलिफोर्निया के कानून से बच नहीं सकता है जो सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को हानिकारक और गलत सूचना को नियंत्रित करने की अपनी योजनाओं का खुलासा करने के लिए कहता है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश विलियम शुब ने कानून के प्रारंभिक निषेधाज्ञा के लिए एक्स के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है। शुब ने कहा, रिपोर्टिंग आवश्यकता सोशल मीडिया कंपनियों पर पर्याप्त अनुपालन बोझ डालती प्रतीत होती है। एबी 587 कानून के तहत बड़ी सोशल मीडिया कंपनियों को यह विवरण साझा करने की आवश्यकता है कि वे नफरत भरे भाषण या नस्लवाद, उग्रवाद या कट्टरपंथ, दुष्प्रचार, उत्पीड़न और विदेशी राजनीतिक हस्तक्षेप वाले कंटेंट को कैसे नियंत्रित करते हैं। सितंबर में दायर एक शिकायत में, एक्स ने तर्क दिया कि कानून अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रथम संशोधन के अधिकार का उल्लंघन करता है। कंपनी ने कहा कि नफरत फैलाने वाले भाषण, गलत सूचना और राजनीतिक हस्तक्षेप को विश्वसनीय रूप से परिभाषित करना मुश्किल है। एक्स ने यह भी आरोप लगाया कि एबी 587 सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को कुछ संवैधानिक रूप से संरक्षित कंटेंट को 'खत्म' करने के लिए मजबूर करेगा। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसोम ने पिछले साल एक कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जिसका उद्देश्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर नफरत भरे भाषण, उग्रवाद, उत्पीड़न और अन्य आपत्तिजनक व्यवहारों की निगरानी करना था।

## हमारे डिफेंडर कुछ ज्यादा ही आक्रामक तरीके से खेल रहे हैं : कोच उपेंद्र मलिक



**नोएडा( एजेंसी )।** योद्धा टीम के कप्तान प्रदीप नरवाल और सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने यहां प्रो कबड्डी लीग के सीजन 10 के अपने पहले घरेलू मैच में बेंगलुरु बुल्स पर टीम की जीत में उनकी भूमिका के लिए अपनी टीम के रक्षकों की सराहना की है। शुक्रवार को नोएडा में अपने पहले घरेलू मैच में बेंगलुरु बुल्स को 34-33 से हराकर योद्धा फॉर्म में लौट आए। खेल के आखिरी कुछ मिनटों में बुल्स ने कड़ा संघर्ष किया, लेकिन योद्धाओं ने धैर्य बनाए रखा और अंत में रोमांचक जीत हासिल की। टीम के प्रदर्शन के बारे में बोलते हुए मलिक ने कहा, हमारी रक्षा इकाई अच्छा खेल रही है, लेकिन मुझे लगता है कि सभी रक्षक कभी-कभी बहुत आक्रामक तरीके से खेल रहे हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि केवल कुछ रक्षक ही हमारे रेडरों के अनुसार आक्रामक खेल खेलें। कप्तान प्रदीप नरवाल, जो अपना पहला रेड पॉइंट हासिल करने से पहले चार बार कैच आउट हुए, ने रात को एक और सुपर 10 दर्ज किया। अपने खेल के बारे में पूछे जाने पर नरवाल ने कहा, मैं शुरुआत में सिर्फ एक या दो रेड अंक हासिल करना चाहता था और प्रतिद्वंद्वी को बैकफुट पर लाना चाहता था। हमारे रक्षकों ने वास्तव में अच्छा खेला और मुझे खेल में वापस लाते रहे। कप्तान ने आगे कहा, खेल के शुरुआती मिनटों में गिल रेड पॉइंट बटोर रहे थे, इसलिए हमने उन्हें और रेड के लिए भेजा। बाद में, मैंने अच्छा प्रदर्शन करना शुरू कर दिया इसलिए मैं और रेड के लिए गया। लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए वह खुद को कैसे प्रेरित रखते हैं, इस बारे में बात करते हुए नरवाल ने कहा, हमारे कोच मुझे प्रेरित करते रहते हैं।

## सरकार ने अशोक लेलैंड को प्रोजेक्ट के लिए दी फ्रंट एंड भूमि सब्सिडी प्रदान करने की अनुमति



**लखनऊ( एजेंसी ) ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने एफडीआई पॉलिसी 2023 के तहत अशोक लेलैंड लिमिटेड को प्रस्तावित प्रोजेक्ट के लिए फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी प्रदान करने की अनुमति दे दी है। कंपनी द्वारा दिए गए प्रस्ताव का मूल्यांकन करते हुए सक्षम प्राधिकारी ने परियोजना को एफडीआई नीति-2023 के प्रावधानों के अनुसार फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र पाया है। इसके बाद उचित विचार-विमर्श के बाद सक्षम प्राधिकारी ने प्लॉट नंबर- 1, स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड साइट, सरोजिनी नगर औद्योगिक क्षेत्र (यूपीसीडा) में 70 एकड़ भूमि पर परियोजना के लिए 75 फीसद फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इस संबंध में कंपनी के एमडी और सीईओ शेनू अग्रवाल को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त व इन्वेस्ट यूपी के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह द्वारा लेटर ऑफ अप्रूवल भेजा गया है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की भूमि पर प्रस्तावित है। परियोजना सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सहित प्रति वर्ष 2500 वाहनों की स्थापित क्षमता के साथ वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए एक एकीकृत ग्रीन-फील्ड संयंत्र स्थापित करने पर आधारित है। यह परियोजना बाजार में इलेक्ट्रिक और अन्य वाहनों की मांग के आधार पर अन्य ईंधन पर आधारित वाहनों का निर्माण करेगी। प्रस्तावित परियोजना 186 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश के साथ स्थापित की जाएगी, जिसे 2 चरणों में लागू किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक भूमि क्षेत्र 70 एकड़ है। उत्तर प्रदेश सरकार और अशोक लेलैंड के बीच 15 सितंबर को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे।

### अनाहत ने स्कॉटिश जूनियर ओपन स्क्वैश में लड़कियों का अंडर-19 खिताब जीता




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** प्रतिभाशाली किशोरी अनाहत सिंह ने 2023 स्कॉटिश जूनियर ओपन स्क्वैश में शानदार भारतीय प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए फाइनल में घरेलू पसंदीदा रॉबिन मैकअल्पाइन पर 11-6, 11-1, 11-5 से जीत के साथ लड़कियों का अंडर-19 खिताब जीता। खिताबी जीत के साथ दिल्ली की अनाहत के लिए एक शानदार वर्ष समाप्त हो गया, जिन्होंने अंडर-19 और सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में डबल रिकॉर्ड बनाया और एशियाई खेलों और उद्घाटन एशियाई मिश्रित युगल चैंपियनशिप दोनों में अभय सिंह के साथ मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीता। इस बीच, भारत के सुभाष चौधरी ने लड़कों के अंडर-15 फाइनल में हमवतन शिवेन अग्रवाल को 5-11, 11-4, 6-11, 11-8, 11-5 से हराया, जबकि श्रेष्ठ अय्यर ने श्रेयांश जाह को अखिल भारतीय लड़कों के अंडर-13 फाइनल में 11-8, 11-8, 3-11, 11- 8 से हराया।

### शब्द सामर्थ्य -290

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**
1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 289 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

### सू- दोकू क्र.290

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.289का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, मंगलवार 02 जनवरी 2024

## दुर्ग-हटिया के मध्य द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रेल यात्रियो की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन के द्वारा दुर्ग -हटिया-दुर्ग के मध्य चल रही है। यह गाड़ी 08185 / 08186 हटिया-दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल की सुविधा 29 दिसम्बर, 2023 तक चल रही है। 08185 हटिया-दुर्ग द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का परिचालन 02 जनवरी से 28 मार्च, 2024 तक विस्तार किया गया है। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 08186 दुर्ग-हटिया द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का परिचालन 03 जनवरी से 29 मार्च, 2024 तक विस्तार किया गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल को गोबर से निर्मित वैदिक वास्तु गणपति भेंट



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नववर्ष के उपलक्ष्य पर राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन से मनोहर गौशाला के मैनेजिंग ट्रस्टी अखिल जैन पदम डाकलिया ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को नववर्ष की बधाई देते हुए 6 जनवरी को खैरागढ़ स्थित मनोहर गौशाला के 10वें स्थापना दिवस के लिए आमंत्रित किया और गोबर से निर्मित वैदिक वास्तु गणपति भेंट की। जैन ने मनोहर गौशाला में चल रही गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया और गौशाला में गोबर एवं गौ मूत्र से निर्मित सभी प्रोडक्ट की जानकारी दी। इस पर राज्यपाल ने गौशाला में बने प्रोडक्ट की सराहना की।

### राज्यपाल ने सैटेलाइट (XPosat) के सफलता पूर्वक प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई दी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने आज भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) द्वारा देश का पहला और विश्व का दूसरा सैटेलाइट (XPosat) लॉन्च किए जाने पर सभी वैज्ञानिकों एवं देशवासियों को बधाई दी। यह सैटेलाइट पल्सर, ब्लैक होल्स, आकाशगंगा तथा रेडिएशन आदि का अध्ययन करेगा। राज्यपाल ने कहा कि नववर्ष के प्रथम दिवस पर यह उपलब्धि विकसित भारत की प्रतिभा को प्रदर्शित कर रही है। सैटेलाइट (XPosat) का प्रक्षेपण ब्रह्मांड को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भारत का अंतरिक्ष भौतिकी के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। इस मिशन पर दुनिया भर की नज़रें टिकी हुई हैं। राज्यपाल ने कहा कि इसरो की प्रतिभा और इच्छा ने एक बार फिर विश्व की निगाहों में भारत को स्थापित किया है।

### झारसुगुड़ा-राऊरकेला के बीच प्रति शनिवार को 5 घंटे का मेगा ब्लॉक, टाटानगर-इतवारी-टाटानगर का परिचालन रहेगा प्रभावित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मण्डल के चक्रधरपुर एवं बिसरा रेलवे स्टेशनो के बीच प्रति बुधवार तथा झारसुगुड़ा व राऊरकेला के बीच प्रति शनिवार को 05 घंटे का मेगा ब्लॉक लेकर कार्य किया जाएगा। दिनांक 06, 13 एवं 20 जनवरी, 2024 को 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस एवं दिनांक 08, 15 एवं 22 जनवरी, 2024 को 18110 इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

## लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाएं : स्वास्थ्य मंत्री

### श्याम बिहारी जायसवाल ने विभागीय काम-काज की समीक्षा की



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा और बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में काम-काज संभाल लिया है। श्री जायसवाल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों सहित विभागीय कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्ले भी मौजूद थीं। श्री जायसवाल ने अधिकारियों से राज्य के सभी जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य के सभी शासकीय अस्पतालों में गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। श्री जायसवाल ने अधिकारियों से कहा कि वे शासकीय अस्पतालों का औचक निरीक्षण करें। उन्होंने नर्सिंग होम एक्ट को और प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि डॉक्टरों के लिखे बिना दर्द निवारक दवाओं की बिक्री पर भी सख्ती से कार्यवाही करें।

स्वास्थ्य मंत्री ने विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय सिकलसेल उन्मूलन मिशन, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री आयुष्मान आरोग्य मंदिर, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम, सिकलसेल एनीमिया कार्यक्रम, सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त डॉ. सी.आर.प्रसन्ना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक श्री भोसकर विलास संदिपान, संचालक स्वास्थ्य सेवायें श्री जे.पी.मौर्य, आयुष विभाग की संचालक सुश्री नम्रता गांधी सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ के सदस्यों ने की मुलाकात



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज यहाँ राज्य अतिथि गृह पहुना में छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात कर नववर्ष की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने मुख्यमंत्री को कुम्हारी, दुर्ग जिले में 12 एवं 13 जनवरी को आयोजित दो दिवसीय किसान मेला में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने आमंत्रण के लिए संघ के सदस्यों को धन्यवाद दिया। संघ के अध्यक्ष श्री विरेन्द्र लोहान ने मुख्यमंत्री को बताया कि मेले में किसान भाइयों के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कम्पनियों के कृषि उत्पादों एवं आधुनिक यन्त्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। साथ ही कृषि विशेषज्ञओं की संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि संघ से जुड़े किसानों ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण कार्य में योगदान हेतु 100 टन सब्जी भेजने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने संघ के इस निर्णय कि सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर श्री मितुल कोठारी, श्री हेमंत भाई गोहिल और श्री दिलीप सिंह राठौर भी उपस्थित थे।

## सिकंदराबाद एवं विजयवाड़ा रेल मण्डल में तीसरी रेलवे लाइन का कार्य, फलस्वरुप गाड़ियों का परिचालन रहेगा प्रभावित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद रेल मण्डल के काजीपेट जं-बल्हारशाह सेक्शन के बीच तीसरी रेलवे लाइन को जोड़ने का कार्य किया जाएगा, इस लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के लिए कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। यह कार्य दिनांक 01 से 12 जनवरी, 2023 तक किया जा रहा है। इस कार्य के फलस्वरुप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे होकर चलने वाली कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा है, जिसकी जानकारी इस प्रकार है-

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां**- दिनांक 01 से 12 जनवरी, 2024 तक विशाखापटनम से चलने वाली गाड़ी संख्या 20805 विशाखापटनम-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विजयनगरम जंक्शन-रायगड़ा-टिटलागढ़-रायपुर -नागपुर होकर रवाना होगी। 01 से 12 जनवरी, 2024 तक नई दिल्ली से चलने वाली गाड़ी संख्या 20806 नई दिल्ली- विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नागपुर-रायपुर-टिटलागढ़—रायगड़ा- विजयनगरम जंक्शन होकर रवाना होगी। 04 एवं 11 जनवरी, 2024 को विशाखापटनम से चलने वाली गाड़ी संख्या 20803 विशाखापटनम-गांधीधाम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विजयनगरम जंक्शन-रायगड़ा-टिटलागढ़-रायपुर -नागपुर होकर रवाना होगी। 07 जनवरी, 2024 तक गांधीधाम से चलने वाली गाड़ी संख्या 20804 गांधीधाम-विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नागपुर-रायपुर-टिटलागढ़—रायगड़ा- विजयनगरम जंक्शन होकर रवाना होगी। 07 जनवरी, 2024 को पूरी से चलने वाली गाड़ी संख्या 20819 पूरी-ओखा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विजयनगरम जंक्शन-रायगड़ा-टिटलागढ़-रायपुर -नागपुर होकर रवाना होगी। 03 एवं 10 जनवरी, 2024 को ओखा से चलने वाली गाड़ी संख्या 20820 ओखा-पूरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नागपुर-रायपुर-टिटलागढ़—रायगड़ा- विजयनगरम जंक्शन होकर रवाना होगी। 01, 05, 08 एवं 12 जनवरी, 2024 को विशाखापटनम से चलने वाली गाड़ी संख्या 12803 विशाखापटनम-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विजयनगरम जंक्शन-रायगड़ा-टिटलागढ़-रायपुर -नागपुर होकर रवाना होगी। दिनांक 03, 07 एवं 10 जनवरी, 2024 को निज़ामुद्दीन से चलने वाली गाड़ी संख्या 12804 निज़ामुद्दीन- विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विजयनगरम जंक्शन-रायगड़ा-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी।

## श्री राम मंदिर प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर भैरव सोसायटी में तीन दिवसीय महोत्सव

### श्री राम ध्वज, आकर्षक दुप्पटे का वितरण एवं 11000 शुद्ध घी के दीपक की रोशनी होगी

### अध्यक्ष संतोष बैद ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से भेंट कर नववर्ष की बधाई दी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री राम जन्मभूमि में भव्यातिभव्य राम मंदिर की प्रतिष्ठा के अवसर पर भैरव सोसायटी स्थित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में त्रिदिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जावेगा। इस अवसर पर पूरे भैरव सोसायटी में 11000 घी के दीपक से धर्मप्रकाश की रोशनी की जावेगी, उक्ताशय की जानकारी श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने दी। ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद ने आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से भेंटकर राममय नववर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी, श्री राम जन्मभूमि का दुपट्टा पहनाकर मुख्यमंत्री जी का अभिनंदन किया। साथ ही मुख्यमंत्री श्री साय को राम मंदिर प्रतिष्ठा के अवसर पर भैरव सोसायटी में आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की। संतोष बैद ने मुख्यमंत्री जी को भगवान श्री राम की आकर्षक फ़ोटो युक्त ध्वज व दुपट्टा भेंट किया। महासचिव महेन्द्र कोचर, ट्रस्टी नीलेश गोलछा, राजेश सिंघी ने बताया कि त्रिदिवसीय समारोह का आरम्भ श्री राम ध्वज वितरण से किया जावेगा।

## खेल सामाजिक एकता और सद्भावना को बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं : बृजमोहन अग्रवाल



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जिंदगी और क्रिकेट मैच दोनों में कम से कम एक बात सामान्य होती है। यह दोनों ही रोमांच से भरपूर रहते हैं। बाजी कभी भी पलट सकती है। बस हमको नई ऊर्जा के साथ लगातार संघर्ष करते रहना है। ये सीख दी वरिष्ठ मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने जो रविवार को रायपुर में चल रहे 4 दिवसीय CGPL ( छत्तीसगढ़ गुजराती प्रीमियर लीग) समापन समारोह में शामिल हुए। SECRSA स्टेडियम डब्ल्यू आरएस कालोनी में आयोजित CGPL के समापन समारोह को संबोधित करते हुए श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, खेल सामाजिक एकता और सद्भावना को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते ही हैं बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी यह जीवन की आवश्यकता है। खेल अनुशासन सीखता है। और अनुशासित व्यक्ति को जिंदगी में हार, दुख, परेशानियां नहीं डरा सकती वो हर स्थिति का डट कर मुकाबला करने के लिए तैयार रहता है। इसलिए सभी को खेलना भी चाहिए और खेलों से सीख भी लेनी चाहिए।

फाइनल मैच में साई सुथार समाज की टीम ने अंतिम गेंद में छक्क लगाकर कृषि 11 के हाथों से जीत छीन ली। श्री बृजमोहन अग्रवाल ने विनर टीम को 31, 000 रूपये एवं रनर अप टीम को 21, 000 रूपये व ट्राफी प्रदान की और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने हिस्सा लिया था जिसमे से 2 महिला टीम भी थीं। श्री बृजमोहन अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों एवं आयोजकों को टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

समापन समारोह में अध्यक्ष नितिन ढोलकिया, सचिव मनोज पारेख, निदेशक चंदू भाई बाबरिया, भावेश गोरसिया, मनीष भूपटानी, योगेश राजकोटिया, हितेश लोटिया, दीपेश ढाबलिया समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## किसानों को बैंकर्स बोनस राशि का तत्परता से भुगतान करें : मुख्यमंत्री

### बोनस राशि के भुगतान में हीला-हवाला करने वाले बैंकर्स के विरूद्ध होगी कार्रवाई

### किसानों से कमीशन मांगने वाला करगी रोड का सहकारी बैंक प्रबंधक निलंबित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के किसानों को 25 दिसम्बर को प्रदाय की गई धान बोनस की राशि के आहरण में सहकारी बैंकों के प्रबंधकों द्वारा टाल-मटोल किए जाने के शिकायत मिलने पर गहरी नाराजगी जताई है। मुख्यमंत्री ने अपेक्स बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों सहित सभी सहकारी बैंकों के प्रबंधकों को किसानों की मांग के आधार पर उनके खाते से तत्परता से राशि का आहरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसानों को अपने बैंक खाते से राशि निकालने में किसी भी तरह की दिक्कत न हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री के निर्देश के परिपालन में कलेक्टरों द्वारा जिले में इस व्यवस्था पर निगरानी सुनिश्चित कराने के साथ ही हीला-हवाला करने वाले बैंकर्स के विरूद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

बिलासपुर जिले के करगी रोड सहकारी बैंक के प्रबंधक द्वारा धान बोनस की राशि आहरण में किसानों से कमीशन मांगे जाने की शिकायत की प्रारंभिक जांच सही पाये जाने पर वहां के प्रभारी शाखा प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर जिला सहकारी बैंक के सीईओ द्वारा आज निलंबन आदेश जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि प्रभारी शाखा प्रबंधक हरिश कुमार वर्मा के विरूद्ध किसानों ने कमीशन मांगे जाने एवं नहीं दिये जाने पर अभद्र व्यवहार करने की शिकायत की थी। कलेक्टर ने मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाये जाने के फलस्वरूप प्रभारी प्रबंधक के निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## एसईसीएल मुख्यालय में सीएमडी और निदेशकगण ने नववर्ष 2024 की बधाई दी



**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने दिनाक 01.01.2024 को निदेशक(वित्त) श्री जी. श्रीनिवासन, निदेशक तकनीकी संचालन सह योजना-परियोजना श्री एस.एन. कापरी, निदेशक (कार्मिक) श्री देबाशीष आचार्या, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री जयंत कुमार खमारी के साथ प्रशासनिक भवन सीएमडी सभाकक्ष में प्रत्येक विभाग के विभागाध्यक्षों, अधिकारियों कर्मचारियों, महिलाकर्मियों, विभिन्न श्रमसंघ प्रतिनिधियों से प्रत्यक्ष मिलकर नववर्ष की बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं एसईसीएल कम्पनी को उत्तरोत्तर शिखर पर ले जाने की कामना की। इससे समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों में खुशी का माहौल रहा। कर्मियों ने एसईसीएल के प्रथम पुरूष अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा एवं उनके साथी निदेशकगणों का पुष्पगुच्छ से आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर पर अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी आपस में एक-दूसरे से गले मिलकर नववर्ष 2024 की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा, निदेशक(वित्त) श्री जी. श्रीनिवासन, निदेशक तकनीकी संचालन सह योजना-परियोजना श्री एस.एन. कापरी, निदेशक (कार्मिक) श्री देबाशीष आचार्या, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री जयंत कुमार खमारी ने बेस्ट आफ 2023 पुस्तिका का विमोचन किया जिसमें वर्ष 2023 में सम्पन्न उल्लेखनीय कार्यों, उपलब्धियों- जैसे माननीय प्रधानमंत्री के करकमलों से सीईआरएल रेल कारिडोर का लोकार्पण, केनापारा ईको-टूरिज्म साईट, एसईसीएल की 63 खदानों को स्टार रेटिंग पर कोयला मंत्री के करकमलों से पुरस्कृत, विशेष अभियान 3.0 में सभी कोल कंपनियों में एसईसीएल को माननीय कोयला मंत्री द्वारा पुरस्कृत, ईआरपी सफल क्रियान्वयन में माननीय कोयला मंत्री से पुरस्कृत, कोयला सचिव के करकमलों से छाल सायडिंग उद्घाटन, 49वें कोल इंडिया स्थापना दिवस अवार्ड्स में एसईसीएल को मिले 6 अवार्ड्स, तत्कालीन कोलइंडिया चेयरमैन द्वारा कुसमुण्डा वर्कशाप काम्प्लेक्स-गेवरा रेल रैपिड लोड आउट सिस्टम व बरौद साईडिंग का उदघाटन, अधिकाधिक भूविस्थापितों को रोजगार, गेवरा बनी देश की सबसे बड़ी कोयला खदान, केतकी यूजी बनी एमडीओ मोड से उत्पादन कने वाली पहली भूमिगत खदान, नयी खदानों की शुरूआत तथा बंद खदानों को पुर्नजीवित करने में मिली सफलता, सौर ऊर्जा परियोजनाओं की मदद से एसईसीएल एक नेट-पॅजिटिव कंपनी बनने के पथ पर, मानिकपुर पोखरी के रूप में तीसरी ईको-टूरिज्म साईट को विकसित करने का निर्णय, डीजीकोल के तहत मेगा प्रोजेक्ट्स में डिजिटल समाधानों से कोयला खनन हुआ डिजिटल, पहली बार मियावाकी विधि से पौधरोपण पर कार्य प्रारंभ, जमुना ओपनकास्ट परियोजना में किये गए प्रतिपूरक वनरोपण का सुंदर उदाहरण, पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ में सीएसआर पर किए अधिकाधिक खर्च, सुश्रुत योजना के तहत कोयलांचल के बच्चों को नीट कोचिंग, ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट शिक्षा, सीपेट के माध्यम से रोजगार, 3.0 के तहत कबाड़ से कलाकृति, आयकर रिफार्म आदि शामिल हैं।

## श्री रविशंकर जी महाराज द्वारा एसआरयू के नव वर्ष की डायरी एवं कैलेंडर का विमोचन



मध्य प्रदेश के भिंड जिले के श्री रावतपुरा धाम में कैलेंडर और डायरी का विमोचन करते श्री अनंतश्री विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज रावतपुरा सरकार

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मध्यप्रदेश में भिंड जिले के श्री रावतपुरा धाम में अनंतश्री विभूषित श्री रविशंकरजी महाराज द्वारा श्री रावतपुरा सरकार रायपुर के नए साल की डायरी और कैलेंडर का विमोचन किया गया। श्री अशोक भूषण सेवानिवृत न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट भी इस विशेष अवसर में उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि अयोध्या के राम मंदिर के बहुचर्चित एवं ऐतिहासिक निर्णय के बेंच के श्री भूषण भी सदस्य रहे हैं। श्री रावतपुरा सरकार तीर्थ धाम में विगत सप्ताह से भागवत का लाभ भक्तों को मिला एवं अयोध्या में श्री राम मंदिर के 22जनवरी के आयोजन के परिपेक्ष में 108 श्री रामार्चा यज्ञ 31दिसंबर को आयोजित हुआ जिसमें भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

नव वर्ष में इस तीर्थ रावतपुरा धाम में एक लाख से अधिक भक्तो ने दर्शन किए एवं भंडारा पाया। महाराज श्री ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के निर्देश दिए और अच्छे कर्म करते हुए धार्मिक मार्ग पर चलने के निर्देश दिए।उल्लेखनीय है कि इस कैलेंडर में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों का बखूबी चित्रण किया गया है। महाराज श्री की परिकल्पान के अनुरूप नव वर्ष का शुभारंभ 1 लाख 8 हजार श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक रूप से पाठ कर अध्यात्मिक रूप से नव वर्ष का किया स्वागत।

देश के दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने 31 दिसंबर को शुभ अलौकिक 108 श्री रामार्चा यज्ञ का अनुभव किया। इसी तरह महाराज श्री के दर्शन के लिए सुबह से ही आस-पास के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर रात तक चलता रहा। यज्ञ के साथ विशाल भंडारा और प्रसाद वितरण निरंतर चलता रहा, जिसमें न तो भक्तों की कमी थी और न ही प्रसाद की। वर्ष के पहले दिन लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने रावतपुरा धाम के दर्शन किए और सद्गुरु महाराज श्री का आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

## उप मुख्यमंत्री अरूण साव को नए साल की बधाई देने लोगों का लगा रहा तांता

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** उप मुख्यमंत्री अरूण साव के बिलासपुर स्थित निवास कार्यालय में आज जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्हें कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने नए साल की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उनसे मुलाकात करने वालों का लंबा तांता लगा रहा। श्री साव ने लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नए वर्ष में उनकी सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। अरुण साव ने जनदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, जिला बिलासपुर द्वारा प्रकाशित वर्ष 2024 के कैलेंडर और डायरी का विमोचन किया। उन्होंने नए साल की खुशी में रंगीन गुब्बारे भी आसमान में छोड़े। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने उप मुख्यमंत्री को अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपे।




लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN /2013/50354